


दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान-12



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला-12



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए अमोल पालेकर को मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-13



टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई-14


आज का मौसम 32.0° अधिकतम तापमान 21.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.31 सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 342, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ईरान बोला- नहीं रोकेंगे युद्ध, ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो करेंगे बड़े हमले

### इजराइल और खाड़ी देशों पर ईरान ने बरसायीं मिसाइलें, कहा-होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।



तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

### बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया

## विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### न्यूज ब्रीफ

#### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

#### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमश: 9,460 और 9,436 हैं।

## यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।



**पीठ की टिप्पणी**

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी
- कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

## एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

- निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

## प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

## केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार कारोबार पेज पर)

**मंत्रिमंडल के अहम फैसले**



- चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

## कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

**निर्णय** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना–2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

## प्रदेश के अब हर गांव तक पहुंचेगी परिवहन निगम से जुड़ी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू, ओला-उबर एग्रीगेटर को 5 लाख रुपये देकर कराना होगा पंजीकरण

### खतौनी जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

### यूपी में अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए नगरायुक्त ने रैन बसेरों में देखे प्रबंध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने मंगलवार रात 13 व 14 मार्च को प्रस्तावित पुलिस भर्ती परीक्षा के शहर के रैन बसेरों में व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने पुलिस भर्ती परीक्षा में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए महानगर में शेल्टर होम में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। आगामी त्योहारों को देखते हुए सड़कों को गड्ढा मुक्त रखने का निर्देश दिया। कहा कि कहीं अवैध रूप से वेंडिंग न हो तथा लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में डस्टबिन एवं स्वच्छता व्यवस्था कराएं।

### फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयन कल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय और उत्तर प्रदेश खेल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अनुसार ए खिलाड़ी बुधवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ट्रायल में पहुंच सकते हैं। वहीं, मंडल स्तरीय ट्रायल गुरुवार को आयोजित किए जाएंगे।

### परीक्षा देकर आ रहे तीन छात्र कार की टक्कर से घायल

कांठ, अमृत विचारग्राम भीकनपुर निवासी आकाश, अमन, चाहत परीक्षा देकर बाइक से गांव वापस लौट रहे थे। एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। तीनों छात्र गंभीर सड़क पर दूर तक खिचड़ते हुए गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार भाग गए।

### अखिलेश से मिलीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख की पत्नी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक की पत्नी सुषमा कौशिक ने अपनी दो बेटियों के साथ समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। बताया कि उनके पति को राजनीतिक द्वेष और प्रतिशोध की भावना से वर्तमान सरकार द्वारा साज़िशन 26 मुक़दमों में फंसाकर वर्षों से जेल में रखा गया है। यह केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की भावना को आहत करने वाला है। अखिलेश यादव ने उन्हें सहयोग का भरोसा दिलाया।

## होनहार बिरवान: ऋषभ शर्मा बोले- आत्मविश्वास बनाए रखें, निरंतरता और सेल्फ स्टडी से मिली सफलता

# नौकरी छोड़ शुरू की तैयारी, दूसरे प्रयास में हासिल की 116वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


माता पिता के साथ ऋषभ शर्मा।

**अमृत विचार :** टीडीआई सिटी निवासी ऋषभ शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 116वीं रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। मूल रूप से बरेली के रहने वाले ऋषभ के पिता संजीव शर्मा एलआईसी में मुख्य प्रबंधक हैं, जबकि मां आभा शर्मा एलआईयू में कार्यरत हैं। उनकी सफलता के बाद परिवार और परिचितों में खुशी का माहौल है। अमृत विचार ने उनसे बातचीत की।

यूपीएससी की तैयारी के सवाल पर उन्होंने बताया कि स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही मन में कहीं न कहीं यूपीएससी की तैयारी करने का विचार आने लगा था। उस समय इंटरनेट और यूट्यूब पर टॉपर्स के इंटरव्यू और वीडियो देखता रहता था, जिससे यह समझने की कोशिश करता था कि तैयारी कैसे होती है और किन विषयों पर अधिक ध्यान देना जरूरी है। स्नातक पूरा करने के बाद नौकरी बैंगलुरु में कॉरपोरेट सेक्टर में लग गई। करीब डेढ़ साल तक नौकरी करने के बाद एहसास हुआ कि जिस कॉलेज से मैंने पढ़ाई की है, वहां के कुछ सीनियर्स यूपीएससी में सफल हो चुके हैं। तब लगा कि अगर वे कर सकते हैं तो मैं भी कोशिश कर सकता हूं।

नौकरी छोड़कर तैयारी करने के विषय पर कहा कि यह एक बड़ा निर्णय था, क्योंकि नौकरी के साथ यूपीएससी की तैयारी करना आसान नहीं था। इसलिए मैंने नौकरी छोड़कर पूरी तरह तैयारी करने का फैसला लिया और उसी दिशा में काम शुरू किया। पहले प्रयास का अनुभव पर बताया कि प्रीलिम्स के लिए स्टैंडर्ड किताबों और यूट्यूब का सहारा लिया। 2024 में प्रीलिम्स परीक्षा पास कर ली, लेकिन मेंस की तैयारी उतनी मजबूत नहीं थी, इसलिए उस चरण में सफलता नहीं मिल पाई। बताया कि औसतन सात-आठ घंटे पढ़ाई की। कभी-कभी जरूरत पड़ने पर 10 से 12 घंटे भी पढ़ना पड़ता था। यही मानना है कि उतना ही पढ़ना चाहिए जितना दिमाग में ताजगी बनाए रखे। लंबे समय तक बहुत अधिक पढ़ाई कुछ दिनों तक ही संभव है, लेकिन नियमित और समझदारी से पढ़ने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### असफलता के बाद दोबारा तैयारी

ऋषभ ने बताया कि उस समय मन में दोबारा नौकरी करने का विचार आया, लेकिन शिक्षकों से बातचीत की तो उन्होंने सलाह दी कि एक और प्रयास जरूर करना चाहिए। माता-पिता और शिक्षकों ने भी मनोबल बढ़ाया। इसके बाद दोबारा पूरी लगन से तैयारी शुरू की। अखबार से करंट अफेयर्स पढ़कर नोट्स बनाए, जिसका मेंस और इंटरव्यू में काफी फायदा मिला।

### युवाओं को दिया संदेश

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सलाह दी कि आत्मविश्वास कम न होने दें। कभी-कभी ऐसा होता है कि पढ़ाई से मन भटक जाता है और कुछ दिन पढ़ाई नहीं हो पाती, लेकिन यदि लक्ष्य मजबूत है तो फिर से लौटकर निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। साथ ही तैयारी के साथ एक बैकअप प्लान भी रखना चाहिए।

### सेल्फ स्टडी और कोचिंग

ऋषभ ने बताया कि मेरी नजर में सेल्फ स्टडी का बहुत महत्व है। इससे विद्यार्थी को किसी विषय को खुद पढ़कर समझने का मौका मिलता है। कई बार शिक्षक समझाते हैं तो बात स्पष्ट नहीं होती, लेकिन खुद पढ़ने पर अलग-अलग तरीकों से समझने की कोशिश की जा सकती है। अगर किसी के पास अच्छा मार्गदर्शन है और ऑप्शनल विषय पर अच्छी पकड़ है तो कोचिंग जरूरी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो कोचिंग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## खालसा क्रिकेट क्लब इलेवन्स ने 30 रन से जीता मुकाबला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खालसा क्रिकेट क्लब इलेवन्स और खालसा चैंप्स इलेवन्स के बीच 25 ओवर का रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खालसा क्रिकेट क्लब इलेवन्स की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट खोकर 194 रन बनाए।

टीम की ओर से मनीष ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाए। दिलबाग ने 46 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि मोहब्बत सिंह ने 37 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खालसा चैंप्स इलेवन्स की टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन वह लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। पूरी टीम 23.2 ओवर में 164 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

# सऊदी में ठाकुरद्वारा का युवक घायल

## ईरान की मिसाइल की चपेट में आया आजम वहां एक कंपनी में मैकेनिक है

- गंभीर हालत में रियाद के अस्पताल में चल रहा उपचार आइसीयू में भर्ती
- बेटे के घायल होने की सूचना से परिवार में चिंता, सरकार से लगाई मदद की गुहार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


रियाद के अस्पताल में भर्ती मोहम्मद आजम।


बेटे के घायल होने पर चिंता में डूबे परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में हुए मिसाइल हमले में ठाकुरद्वारा क्षेत्र का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की हालत गंभीर होने की सूचना से परिजन और ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। घायल युवक पिछले चार दिनों से रियाद के एक अस्पताल में आईसीयू में भर्ती बताया जा रहा है। वह रियाद की कंपनी में मैकेनिक के तौर पर कार्य कर रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जाफराबाद का रहने वाला मोहम्मद आजम लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गया था। सऊदी की राजधानी रियाद में एक कंपनी में वह डीजल मैकेनिक के रूप में कार्य कर रहा था। पिछले दिनों रियाद शहर पर ईरान की ओर से हुए मिसाइल हमले की चपेट में वह भी आ गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। आजम के साथ काम करने वाले युवक ने घटना की जानकारी उसके परिजन को मोबाइल के माध्यम से दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग चिंतित हो उठे और उसकी आजम के बारे में जानकारी जुटाने में लग गए। हालांकि, इस दौरान बेटे को होश नहीं होने के कारण उससे बात नहीं हो पाई। इतना पता चला कि उसकी हालत गंभीर है और वह आईसीयू में भर्ती है और जीवन रक्षण प्रणाली वेंटिलेटर पर रखा गया है। सभी लोग उसके स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं और उसके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं। परिजन के अनुसार मोहम्मद आजम पिछले तीन दिनों से अस्पताल के आईसीयू में वेंटिलेटर पर है और अभी तक उसे होश नहीं आया है। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति नाजुक बताई है। पिता ने बताया कि उन्हें बताया गया था कि वह जिस जगह वह रहता था, वहां मिसाइल से निकली चिंगारी गिरी थी, इसके बाद वहां धमाका हुआ। आजम उसके कई साथी भी घायल हुए थे।

परिवार का कहना है कि आजम घर का कमाने वाला प्रमुख सदस्य है। विदेश में रहकर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। साढ़े तीन साल के बाद जनवरी में वह घर आया था। कुछ दिन रुककर वापस सऊदी चला गया। अब उसके घायल होने की सूचना मिली है। परिजन ने भारत सरकार और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि आजम के बेहतर इलाज की व्यवस्था कराई जाए और परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास से भी मदद की उम्मीद जताई है। ग्रामीण और रिश्तेदार लगातार परिवार के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दे रहे हैं और युवक के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय शिपिंग संकट के बीच निर्यातकों को राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में अभूतपूर्व व्यवधान और मध्य-पूर्व क्षेत्र में जारी संकट के कारण भारतीय निर्यातकों की कठिनाई को देखते हुए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने एक राहत की घोषणा की है।

सर्कुलर के अनुसार यदि निर्यातकों को फोर्स मेज्योर परिस्थितियों जैसे जहाजों की रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन, बंदरगाहों, हवाई अड्डों में परिचालन बाधाएं, प्राकृतिक आपदाएं या सरकारी प्रतिबंध के कारण अपने निर्यात दस्तावेज़ों में संशोधन या रद्दीकरण कराना पड़े, तो अब उन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने इस निर्णय का स्वागत किया। बताया कि यह राहत स्ट्रेट ऑफ हॉरमुज के बंद होने और वैश्विक शिपिंग मार्गों में भारी अवरोध को ध्यान में रखते हुए दी गई है। निर्यातकों को केवल संबंधित प्रमाण जैसे शिपिंग लाइन, एयरलाइन की सूचना, पोर्ट नोटिस आदि—जमा कराने होंगे। यह छूट सभी बंदरगाहों, एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स आदि पर लागू होगी। सर्कुलर जारी होने की तिथि से 15 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

# इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल के विरोध में प्रदर्शन



106 कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते उत्तर प्रदेश बिजली उपभोक्ता संगठन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 को संसद में पेश किए जाने के विरोध में मंगलवार को बिजली उपभोक्ताओं से जुड़े संगठन ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार से बिल को वापस लेने की मांग की। जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर्स एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसके माध्यम से संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि संसद के मौजूदा बजट सत्र में प्रस्तावित बिजली संशोधन बिल 2025 को लेकर उपभोक्ताओं में गहरी चिंता है। उनका आरोप है कि इस बिल के कई प्रावधान बिजली उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ हैं। सरकार इस बिल को बिजली क्षेत्र की फाइनेंशियल लायबिलिटी सुनिश्चित करने के नाम पर ला रही है, लेकिन वास्तव में इससे बिजली जैसे जन उपयोगी क्षेत्र का व्यापारीकरण बढ़ेगा। ऐसे में इसे पूरी तरह मुनाफे के आधार पर चलने वाले बाजार में बदलना आम नागरिकों, किसानों और छोटे उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। प्रदर्शन में विजयपाल सिंह, उमर फारूक, मोहम्मद ताहिर, कामता प्रसाद, सत्यपाल सिंह, गजराम सिंह, इस्लाम अली, साहिल शम्सी और मोनू समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पेंशन को चक्कर काट रहे 12 हजार बुजुर्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मैं पिछले आठ महीने से आ रहा हूं, पेंशन के बारे में यही जवाब मिलता है कि जल्द मिलेगी, लेकिन एक वर्ष से पेंशन नहीं मिली है।
– **वीरेंद्र सिंह**, निवासी हरथला


मेरे बेटे भी मेरे पास नहीं रहते, पेंशन के लिए औपचारिकता पूरी करने में बड़ी दिक्कतें आई, लेकिन एक वर्ष से अब तक पेंशन नहीं मिली। कई बार कागज अधूरे बताए गए, अब सरकार की ओर से देरी की वजह बताई जा रही है।
– **सुरेश कुमार**, निवासी मझोला

**अमृत विचार :** जिले में वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र 12 हजार बुजुर्ग पिछले एक वर्ष से समाज कल्याण विभाग के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका इंतजार है कि खत्म ही नहीं होता।

मंगलवार को समाज कल्याण विभाग में कई पेंशनर्स ने बताया वृद्धावस्था पेंशन के पिछले एक वर्ष से चक्कर काट रहे हैं। विभाग के वरिष्ठ सहायक रोहित ने बताया कि जिले में 69,882 वृद्ध पेंशन धारक है जिसमें से अब तक 57,757 लाभार्थियों को ही पेंशन मिल रही है जब कि 12,125 लाभार्थी ऐसे हैं, जो पिछले एक साल से वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करने के बाद भी स्वीकृति और भुगतान का इंतजार कर रहे हैं। इनमें अधिकांश बुजुर्ग आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपने दैनिक खर्च के लिए इसी पेंशन पर निर्भर रहते हैं। पेंशन न मिलने के कारण कई बुजुर्गों को बार-बार समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दूर-दराज से वृद्ध सुबह से ही विभाग के कार्यालय पहुंच जाते हैं और कर्मचारियों से पेंशन के बारे में जानकारी लेते हैं। लेकिन लंबे समय से एक ही सवाल का जवाब देते-देते अब कर्मचारियों के पास भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं बचा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन का कहना है कि जिला स्तर से सभी पात्र लाभार्थियों के प्रपत्र शासन को अग्रसारित कर दिए गए हैं। पेंशन की स्वीकृति और धनराशि जारी होने के बाद ही लाभार्थियों के खातों में शासन से सीधे भुगतान किया जाएगा। मामला शासन स्तर अटका है।

# मूढ़ापांडे में कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


एक्सीडेंट में घायल युवक।

**अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र के हवेली रेस्टोरेंट के पास मंगलवार को कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को मूंढापांडे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

मुगलपुरा थाना क्षेत्र के रानी किशोरी वाला फाटक, हाथी वाली मंदिर के पास निवासी सागर रस्तोगी और कांठ रोड नवीन नगर निवासी सुनील दिवाकर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बाइक से मूंढापांडे जा रहे थे। मोलागढ़ के पास मुरादाबाद से रामपुर जा रही कार ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार हाईवे पर गिर पड़े। परिजन भी मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक भीड़ का फायदा उठाकर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।

# लक्ष्य से अधिक गोवंश को मिला ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद मंडल में गो- संरक्षण ने तोड़े रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** गोवंश संरक्षण के लिए चलाया जा रहा अभियान मुरादाबाद मंडल में सफलता हासिल कर रहा है। मंडल के सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्य से कई गुना अधिक गोवंश को गोशालाओं में आश्रय दिया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के माध्यम से हजारों किसानों ने गोवंश को गोद लेकर उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी संभाली है।

सरकार की ओर से प्रति गोवंश 50 रुपये प्रतिदिन रुपये 1500 प्रतिमाह की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है। गोपालन के प्रति किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है और दूध तथा जैविक खाद के उत्पादन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं को पकड़ने के लिए कैटल कैचर का उपयोग किया जा रहा है और गोशालाओं में पहुंचते ही उनकी टैगिंग की जाती है। पशु चिकित्साधिकारी नियमित निरीक्षण कर बीमार गोवंश का इलाज कर रहे हैं। गोवंश की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए साल में दो-तीन बार निशुल्क दवा दी जाती है। मुरादाबाद मंडल की गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिसकी मॉनिटरिंग मुख्यालय स्तर से होती है।

### मंडल में जिलों की स्थिति

मुरादाबाद जिले में 35 गोशालाओं में 2,300 के लक्ष्य के मुकाबले 7,799 गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। जबकि करीब 700 गोवंश किसानों को सुपुर्द किए गए हैं। रामपुर में 1,529 के लक्ष्य के सापेक्ष 3,123 गोवंश संरक्षित किए गए हैं और 137 पशुपालकों ने 219 गोवंश गोद लिए हैं। बिजनौर में 5,120 के लक्ष्य के मुकाबले 14,066 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें से 2,225 गोवंश 1,312 पशुपालकों को दिए गए हैं। अमरोहा की 27 गोशालाओं में 8,278 गोवंश सुरक्षित हैं और 684 लाभार्थियों को 1,056 गोवंश सुपुर्द किए गए हैं। वहीं संभल जिले ने 8,043 के लक्ष्य के मुकाबले 17,031 गोवंश संरक्षित कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है और 2,606 पशुपालकों ने 5,088 गोवंश गोद लिए हैं। गो- संरक्षण अभियान की निगरानी ग्राम प्रधान, सचिव, बीडीओ और सीडीओ स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही है।

## सर्राफा कमेटी ने होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सर्राफा कमेटी मंडी चौक की ओर से मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंघल ने की। समारोह में लकी ड्रा सहित विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे।

कार्यक्रम में संस्था के मंत्री सचिन अग्रवाल, उपमंत्री साकेत अग्रवाल और मयूर गोयल ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंघल ने संस्था की वार्षिक आख्या संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। अमित गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, उपेंद्र अग्रवाल, रघुवीर प्रसाद, नवीन रस्तोगी, सचिन सिंघल, नीरज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नीरज प्रकाश, संतोष अग्रवाल, दीपक रस्तोगी, संजीव अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सर्राफा बंधु मौजूद रहे।

**बागवानी**

**जिले में आम का 3405 हेक्टेयर है रकबा, 12 .9 प्रति हेक्टेयर है पैदावार**

# मौसम रहा मेहरबान तो इस बार आम की होगी बंपर पैदावार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बौर से लदा आम का पेड़। ● अमृत विचार

- रामपुर में होता है औसतन 43925 मीट्रिक टन आम का उत्पादन

**अमृत विचार :** मौसम मेहरबान रहा तो जिले आम की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। फिलहाल मौसम सही है और आम की पैदावार अच्छी होने की उम्मीद कृषि विशेषज्ञ जता रहे हैं। रामपुर में बागों का रकबा 3405 हेक्टेअर है, जबकि 12.9 प्रति हेक्टेअर औसत पैदावार है। रामपुर में आम का औसतन उत्पादन 43925 मीट्रिक टन होता है।

नवाबों द्वारा तैयार कराई गई समर बहिश्त, लैली और फजली प्रमुख आम की किस्में हैं। नवाबों ने आम की कई कलमें तैयार कराईं जिनमें समर बहिश्त, लैली, फजरी प्रमुख हैं इसके अलावा बनारसी लंगड़े की तरह रामपुरी लंगड़ा भी अपनी अलग पहचान रखता है। जिले में आम के बागों का रकबा 3405 हेक्टेयर है और एक हेक्टेअर में करीब 12.9 मीट्रिक टन और प्रतिवर्ष आम का 43925 मीट्रिक टन उत्पादन होता है। नवाबी दौर से ही रामपुरी लंगड़ा लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। दशहरी, चौसा भी अपनी मिठास घोल रहा है। सदर क्षेत्र का इलाका फल पट्टी के नाम से जाना जाता है। देश के कई सूबों में रामपुरी लंगड़ा आम की अलग पहचान हैं। मलिहाबाद की तर्ज पर रामपुरी दशहरी भी खूब पसंद की जाती है। फल सब्जी एसोसिएशन के महामंत्री एम आमिर खां बताते हैं कि आम की खरीद के लिए निर्यातकों ने आना शुरू कर दिया है। अधिकतर बाग की फसल बौर आने से पहले ही बिक चुकी है। निर्यातक दिल्ली की आजादपुर मंडी से भी रामपुरी लंगड़े की देश-विदेश में निर्यात करते हैं।

### संभल, अमरोहा और बिलारी को भी होती है पौध की सप्लाई

उद्यान अधीक्षक अजय कुमार बताते हैं कि जिले की पौधशालाओं में तैयार आम की कलमी पौध कई साल से संभल, बिलारी और अमरोहा को सप्लाई होती है। रामपुर की पौध से ही संभल, बिलारी अमरोहा क्षेत्र में आम के बाग फल-फूल रहे हैं। इसके अलावा उत्तराखंड में भी कलमी पौध की डिमांड बढ़ी है।

### प्लाटिंग से आम के बागों हुए कम

स्वार रोड पर ठोठर और, मोरी गेट, डूंगरपुर निकट पुलिस लाइन और डायमंड सिनेमा के निकट समेत शहर में कई जगह प्रापर्टी डीलर्स ने आम के बागों को साफ कर दिया। इसमें वन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध है। डायमंड सिनेमा के निकट वक्फ की जमीन पर कब्जा करके आम के बाग को कटवाकर प्लाटिंग कर दी गई है। जिसके कारण रामपुर की बेहतरीन रहने पर्यावरण अब बिगड़ने लगा है।

> जिले में आम के बागों का रकबा घटा है और रामपुर का वातावरण आम की फसल के अनुकूल है। इसलिए इस वर्ष आम आदमी तक आम पहुंचने की संभावना है। रामपुर की तहसील सदर और शाहबाद क्षेत्र में आम के बागों की संख्या काफी है।
> – **राम किशन सिंह**, उप कृषि निदेशक

# नमाज में हुड़दंग मचाने पर मारपीट, पांच घायल

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** तरावीह की नमाज में हुड़दंग मचाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट एवं पथराव हुआ। विवाद में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ नामजद एवं कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल रिपोर्ट के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सोमवार को मोहल्ला नावपुर में स्थित डुंडों वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान हुड़दंग मचाने को लेकर रिजवान और भूरा पक्ष में कहासुनी हो गई थी। उसके बाद मस्जिद से बाहर निकलकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए पुलिस ने मौके पर आकर हुड़दंगियों को खदेड़कर विवाद शांत करा दिया था। मंगलवार को फजर की नमाज के बाद दोनों पक्ष एक बार फिर आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। कुछ लोगों ने छतों पर चढ़कर पथराव किया। विवाद में एक पक्ष से भूरा, नाजिम व जुबेर गंभीर रूप से चायल हो गए।

पुलिस ने भूरा की पत्नी फूल जहां की तहरीर पर रिजवान, इस्लाम, इरफान उर्फ पप्पू व अहमद रजा के खिलाफ भूरा, नाजिम व जुबैर को जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने दूसरे पक्ष के इस्लाम की तहरीर पर भूरा, नाजिम, जुबेर व जुनैद एवं अन्य के खिलाफ इस्लाम व इरफान को मारपीट कर घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया। भूरा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।



**इफ्तार**
11 मार्च
सुन्नी : 6:24
शिया : 6:35

**सहरी**
12 मार्च
सुन्नी : 5:05
शिया : 5:00

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया :** नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 व 13 मार्च को ग्राम चौपाल में अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चकबंदी विभाग की ओर से ग्राम चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं निस्तारित की जा रहीं हैं। इसी क्रम में ग्राम पीपलसाना में बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी की उपस्थिति में 12 मार्च को और ग्राम अहीर ऐहतमाली में उप संचालक चकबंदी की उपस्थिति में 13 मार्च को चौपाल आयोजित होगी। बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेन्द्र राम ने बताया है कि चकबंदी आयुक्त के द्वारा किसानों का फीडबैक प्राप्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए लिए ग्राम चौपाल लगाने का निर्देश दिया गया है।

### भजन संध्या कल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित श्री दुर्गा भवन मंदिर के स्थापना दिवस पर 12 मार्च को भजन संध्या आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति के अनुसार 1959 में 12 मार्च को स्वामी गुरु चरण दास महाराज ने मंदिर की नींव रखी थी। इस बार वार्षिकोत्सव पर एक शाम राधा माधव के नाम भजन संध्या होगी, जिसमें श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, बरेली के भजन गायक संकीर्तन और ब्रज की फूलों की होली की प्रस्तुति देंगे।

## शहर में आज

- प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में 11:00 बजे
- डीआरएम कार्यालय के मनन सभागार में महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे

### नगर निगम के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अमृत सरोवरों की उपेक्षा गर्मियों में बढ़ाएगी मुसीबत

# अमृत सरोवर बदहाल, गर्मियों में कैसे बुझेगी मवेशियों की प्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक तरफ मार्च में हर दिन तापमान बढ़ने से गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। सूरज की तपिश बढ़ने से तेज धूप में के लोगों के हलक सूख रहे हैं। प्यास बुझाने के लिए सार्वजनिक प्याऊ और वाटर एटीएम ठीक नहीं हैं ऊपर से अमृत सरोवरों की बदहाली भीषण गर्मी में पशुओं के लिए बड़ी मुसीबत बनेगी।

जिले में अमृत सरोवरों के निर्माण के बाद उसकी अनदेखी की जा रही है। नगर निगम की ओर से लोकोशेड पुल के पास बनवाए गए अमृत सरोवर की देखरेख न होने से बहुत सीमित पानी और वह भी गंदा है। अमृत सरोवर के चारों ओर झाड़ियां और गंदगी के चलते लोग जाने से कतराते हैं। यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्र में बने अमृत सरोवरों की भी है। वहीं अन्य तालाब व सरोवरों का भी बुरा हाल है। ऐसे में गर्मी में मवेशियों की प्यास बुझाने के लिए ग्रामीणों को परेशान होना होगा।


103 लोको सेड पुल के पास बना अमृत सरोवर। • अमृत विचार

### महानगर में सार्वजनिक प्याऊ भी उपेक्षित

महानगर में कई जगह बने सार्वजनिक प्याऊ (वाटर पोस्ट) की टोटियां टूटी हैं। कई जगह लटकती टोटियों को रस्सी से बांधकर पानी का बहाव रोकने की कोशिश है तो कई जगह टोटियां ही नदारद हैं। कई स्वंयसेवी संगठनों के द्वारा स्थापित वाटर पोस्ट भी बदहाल है। किसी की टोटी टूटी है तो कई नदारद है। इससे गर्मी में लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ेगा। स्मार्ट सिटी की ओर से शीतल व शुद्ध पेयजल के लिए 10 स्थानों पर बनवाए गए वाटर एटीएम में से कई खराब पड़े हैं।

### हीट वेव एक्शन प्लान के अनुरुप कार्य करेंगे सरकारी विभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ग्रीष्मकाल में हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए प्रदेश के राहत आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को स्थानीय स्तर पर हीट वेव से जन-धन हानि रोकने के सभी प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसके अनुरुप स्थानीय स्तर पर तैयारियों के लिए गाइडलाइन जारी कर दिया गया है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी अपने हीट वेव एक्शन प्लान को तत्काल प्रभाव से लागू करेंगे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने, नगर निकायों, पंचायतों और संबंधित विभागों के साथ समन्वित बैठक कर कार्ययोजना को अंतिम रुप देकर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि राहत आयुक्त के निर्देश के क्रम में सभी विभागों को अपनी कार्ययोजना के अनुसार हीट वेव से बचाव सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। गाइडलाइन के अनुसार सभी को कार्य करना होगा। स्वास्थ्य विभाग को जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हीट स्ट्रोक वार्ड/बेड लगाने के लिए निर्देश दिया गया है। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस, दवाएं, बर्फ, पेयजल व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्वित करनी है। एम्बुलेंस सेवाओं को सतर्क रखने के साथ ही चिकित्सा कर्मियों को हीट स्ट्रोक के उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं सूचना विभाग, शिक्षा विभाग व आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से हीट वेव से बचाव के उपायों को अपनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। सोशल मीडिया, स्थानीय रेडियो पोस्टर, बैनर एवं गाइकिंग के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया जाना है। विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लू, से बचाव संबंधी सलाह प्रदर्शित की जाए। पेयजल एवं छाया की व्यवस्था करनी होगी। नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड बाजारों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, अस्थायी छायादार स्थल / शेड की व्यवस्था की जाएगी। जल संस्थान व जल निगम पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी करेंगे। श्रमिकों एवं संवेदनशील वर्ग की सुरक्षा के लिए श्रमिकों के कार्य समय में भीषण गर्मी में परिवर्तन करना होगा। पशुधन एवं कृषि सुरक्षा के लिए पशुपालन विभाग को पशुओं के लिए पर्याप्त पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है। कृषि विभाग किसानों को फसलों और पशुधन की सुरक्षा के लिए सलाह जारी करेंगे।

**24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम :** जिला आपदा नियंत्रण कक्ष 24×7 सक्रिय रहेगा। पुलिस, अग्निशगन, स्वास्थ्य तथा आपदा प्रबंधन की टीमें अलर्ट रहें। किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएंगें।

## तीन तहसीलदारों का कार्यक्षेत्र बदला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तत्काल प्रभाव से तीन तहसीलदारों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश से अनुमति के बाद फेरबदल किया गया है। प्रवीण कुमार को ठाकुरद्वारा से स्थानांतरित कर बिलारी का तहसीलदार नियुक्त किया गया। वहीं बिलारी के प्रभारी तहसीलदार अंकित गिरी अब सदर तहसील की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अतिरिक्त, सदर मुरादाबाद में तैनात धीरेश कुमार सिंह को ठाकुरद्वारा तहसीलदार के पद पर भेजा गया है।

जिलाधिकारी के अनुसार जिले की प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। निर्देश दिया है कि सभी संबंधित अधिकारी बिना किसी देरी के अपनी नई तैनाती के पद पर तत्काल ज्वाइनिंग रिपोर्ट पेश करें।

# एकीकृत कमांड सेंटर से निगरानी पार्किंग को लेकर फिर भी मनमानी

### महानगर में बेतरतीब वाहन खड़े करने से लग रहा जाम, लोगों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में जहां तहां बेतरतीब वाहन खड़ा करने से आए दिन जाम लग रहा है। अतिक्रमण भी इसमें प्रमुख वजह बन रही है। अतिक्रमण अभियान रस्म अदायगी साबित हो रहे हैं। कुछ दिन बाद ही स्थिति जस की तस हो जाती है।

महानगर में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा की निगरानी के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से पीलीकोठी स्थित नगर आयुक्त के शिविर कार्यालय परिसर में 2.39 अरब रुपये की लागत से एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निर्माण किया गया है। 256 सेंसरयुक्त कैमरे से पूरे महानगर की यातायात व्यवस्था की निगरानी पुलिस करती है। लेकिन इसके बाद भी महानगर में यातायात व्यवस्था आए दिन लड़खड़ाती है। सड़क की पटरी और कई जगह डिवाइडरों के पास चार व दोपहिया वाहन खड़ा करने से जाम लगता है। वहीं फुटपाथ पर अतिक्रमण भी इसकी वजह बनती है। ऊपर से ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती संख्या और उनकी मनमानी प्रमुख चौक चौराहे गुरहट्टी, कलेक्ट्रेट, बुध बाजार, डिप्टी गंज, रेलवे स्टेशन रोड, कांठ रोड पर हरथला और अन्य जगहों पर यातायात बाधित करती है। यातायात पुलिस कर्मी केवल बाहरी वाहनों की चेकिंग में लगे रहते हैं जबकि स्थानीय नंबर के वाहनों की वह अनदेखी करते हैं। इससे सड़क किनारे दोपहिया, चार पहिया वाहन खड़ा कर लोग खरीदारी और अन्य काम निपटाते हैं। महानगर के अधिकांश शापिंग कांप्लेक्स के बाहर पार्किंग एरिया न होने से भी वाहनों को सड़क पर खड़ा करने की मजबूरी होती है।

जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए कई जगह चिह्नित किए लेकिन अभी केवल टाउनहाल पर ही मल्टी स्टोरी पार्किंग बनी है। लेकिन इसके बाद भी वाहन बाहर ही खड़े रहते हैं। जिससे टाउनहाल क्षेत्र में हर दिन जाम लगता है। रविवार को तो इस क्षेत्र में जाने से भी लोग कतराते हैं। महानगर की चरमराई यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी दिखावा साबित हो रहा है।


एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर।


एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर। • अमृत विचार

- **यातायात पुलिस की ढिलाई से जाम में फंस रहे वाहन, एंबुलेंस व स्कूली वाहन भी प्रभावित**

## गर्मी की शुरुआत में ही लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी की शुरुआत में ही बिजली विभाग के सुचारू आपूर्ति का दावा बेदम साबित हो रहा है। तापमान बढ़ते ही शहर के कई इलाकों में फाल्ट व ट्रिपिंग से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

मंगलवार की सुबह जब आंख खुली तो बिजली आपूर्ति गुल थी। हालांकि आपूर्ति 30 से 35 मिनट में सुचारु हो गई, लेकिन फिर आधा घंटा बाद बिजली गुल हो गई। आशियाना कॉलोनी में एक नर्सिंग होम में कार्य करने वाले मुकेश रस्तोगी ने बताया कि सोमवार की रात 12:00 बजे बिजली की आंख मिचौली का क्रम चलता रहा। अवंतिका कॉलोनी के सचिन बरेजा ने बताया कि हैंडपंप चलाकर नहाना पड़ा। नवीन नगर, नयागांव और चक्कर की मिलक मोहल्लों में सोमवार की रात 12 बजे के बाद बिजली लगातार ट्रिप करती रही। इसी तरह ट्रांसपोर्ट नगर, करुला और रहमत नगर में रात करीब 12:00 बजे एक ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। इससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह करीब नौ बजे बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फाल्ट ठीक करने में जुटे।

## होली मिलन से बढ़ता है आपसी सद्भाव, भाईचारा


होली मिलन समारोह में अपनी रचना प्रस्तुत करते अधिवक्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से होली मिलन समारोह**

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से मंगलवार को एसपी गुप्ता सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सैय्यद माऊज बिन आसीम व अति विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व जैग़मउद्दीन पीठासीन अधिकारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना प्राधिकरण (लारा) रहे। अतिथियों ने कहा कि होली पारस्परिक प्रेम व सद्भाव का त्योहार है। अध्यक्षता दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आंनद मोहन गुप्ता ने और संचालन संचालन बार एसोसिएशन के महासचिव कपिल गुप्ता ने किया। रामलीला के प्रसिद्ध कलाकार राजेश रस्तोगी, हास्य व्यंग्य के कवि फक्कड़ मुरादाबादी, कवियत्री पूजा राणा ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. सुरेंद्र सिंह, न्यायाधीश पॉस्को अविनाश चंद्र मिश्रा, एडीजे दो कृष्ण कुमार द्वितीय, एडीजे आठ राकेश कुमार गौतम, एडीजे नौ अरुण कुमार तृतीय, न्यायाधीश पॉस्को द्वितीय घनेंद्र कुमार, विशेष न्यायाधीश भष्टाचार निवारण जितेन्द्र कुमार द्वितीय के अलावा अभिषेक भटनागर, एडवोकेट कमाल अख्तर, पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# साहित्य समाज की संवेदनाओं का दर्पण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हिन्दू कालेज के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में मंगलवार को प्रो. आनंद के काव्य-संग्रह कोरा कागज सजाता हूं का लोकार्पण साहित्यकार कृष्ण कुमार 'नाज़', डॉ. मनोज रस्तोगी और प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने किया। ओं में जीवन के विविध अनुभवों, संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

डॉ. मनोज रस्तोगी ने कहा कि कोरा कागज़ सजाता हूं में अभिव्यक्ति की सादगी और भावों की गहराई है। प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं और विचारों का दर्पण होता है। प्रो. रावत ने उलझन, डॉ. मदन मोहन ने जीवन का इक तार, डॉ. अकरम ने बचपन की आंधी, डॉ. कृति ने भूलना मन्त्र सफलता का डॉ. राजीव ने अगले जनम फिर जो मिलना है, डॉ. साकिब ने दिल की बात और डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने बेटियां कविता का वाचन किया। डॉ. एसबी यादव ने स्वरचित कविता के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रो. अर्चना राठौर, प्रो. रीना मित्तल, प्रो. एपी. सिंह, प्रो. अनिल, प्रो. प्रियंशा, प्रो. शालिनी, डॉ. सुनील, डॉ. मनोज, डॉ. अनुपमा, डॉ. कुलदीप, डॉ. चंद्रजीत, डॉ. आलोक, डॉ. चरण सिंह, डॉ. मनीष, डॉ. विवेक, डॉ. ऋत्विक सहित अन्य लोग रहे।


102- कोरा कागज सजाता हूं का लोकार्पण करते प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत व अन्य।

- **प्रो. आनंद के काव्य-संग्रह कोरा कागज सजाता हूं का लोकार्पण**

# पंखे, स्वच्छ व ठंडे पानी की गोशालाओं में रहेगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **गर्मी को देखते हुए गोशालाओं में प्रबंध सुनिश्चित करने में जुटे अधिकारी**

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले की गोशालाओं में गोवंश की सुविधा और सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुनील दत्त प्रजापति को निर्देश दिया है। जिससे 34 गोशालाओं में संरक्षित 7900 गोवंशों को जरूरी इंतजाम सुनिश्चित हो सकें। गोवंश का हवा, पानी की व्यवस्था की जाएगी।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि बढ़ते तापमान को देखते हुए गोशालाओं में पंखे लगाए जाएंगे, जिससे गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। सबमर्सिबल पंप के माध्यम से पर्याप्त स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध रहेगा। गोवंशों को गर्मी से राहत देने के लिए सुबह और शाम केयरटेकर उन्हें नहलाने की व्यवस्था करेंगे। उन्हें लू व अत्यधिक गर्मी से बचाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गोशालाओं में छाया, स्वच्छता और हरे चारे की व्यवस्था भी ठीक प्रकार से की जाए, साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच भी कराई जाएगी। जिससे बीमारी की स्थिति में तुरंत उपचार किया जा सके। इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि समय-समय पर गोशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

# लक्ष्य की स्पष्टता, सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की 2024 बैच की एल्युमिना व एम्स नई दिल्ली की नर्सिंग ऑफिसर काजल यादव ने कहा, नर्सिंग पेशे में भावनात्मक स्थिरता, दबाव में काम करने की दक्षता और आपातकालीन निर्णय लेने की क्षमताएं महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने सलाह दी कि चुनौतियों को सीखने और अनुभव प्राप्त करने के अवसर बनाएं। इससे आप न केवल अपने पेशे में दक्ष होंगे, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनेंगे। क्योंकि लक्ष्य की स्पष्टता, सतत परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। वह तीर्थंकर महावीर नर्सिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से फ्रॉम स्टुडेंट टू एम्स नर्सिंग ऑफिसरः माय जर्नी पर केंद्रित एल्युमिनाई टॉक में मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शोध, शिक्षा, प्रशासन और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे विविध अवसर भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल और रुचियों के अनुसार करियर विकल्प चुनने की सलाह दी। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या, प्रो. जसलीन एम., एआरसी के एडी प्रो. सिद्धार्थ माथुर आदि मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी गौरव कुमार ने किया।


एल्युमिनाई टॉक को संबोधित करतीं काजल यादव। • अमृत विचार

- **टीएमयू में फ्रॉम स्टुडेंट टू एम्स नर्सिंग ऑफिसर : माय जर्नी पर एल्युमिनाई टॉक**

# गैस व पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी पर होगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **कालाबाजारी रोकने के लिए अफसरों ने कसी कमर**

**अमृत विचार :** ईरान व अन्य खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते रसोई गैस सिलेंडर व पेट्रोल डीजल की आपूर्ति के अफवाहों के बीच लोग सशंकित हैं। कई तो इसका स्टॉक करने में लगे हैं। हालांकि कालाबाजारी करने की शिकायतों पर प्रशासन ने सख्ती करने की तैयारी की है। अधिकारियों ने कहा कि जिले में रसोई गैस का कोई संकट नहीं है। यदि कोई जमाखोरी या कालाबाजारी करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आयल कंपनियों व एलपीजी सेल्स अधिकारी से बातचीत हुई। इसमें बताया गया कि जिले में रसोई गैस सिलेंडर की कोई किल्लत नहीं है। जिले में रसोई गैस 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के 7,78,111 और उज्जवला योजना के 2,79,308 उपभोक्ता हैं। जिले में कोई बैकलॉग नहीं है। गैस सिलेंडर की कॉलाबाजारी रोकने के लिए शत प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से डिलीवरी की जा रही है। यदि कहीं से कालाबाजारी या जमाखोरी की कोई शिकायत मिलेगी तो तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वह स्वयं टीमों के साथ निगरानी कर रहे हैं।

## शीतला माता को चढ़ाई चुनरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा हुल्का माता मंदिर कपूर कंपनी में मां आदि शक्ति को चुनरी चढ़ाई।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि यह कार्यक्रम संगत के द्वारा हर वर्ष शीतला सप्तमी पर आयोजित किया जाता है। होली के बाद पड़ने वाली यह सप्तमी बहुत महत्वपूर्ण है। प्राचीन समय से मान्यता है कि शीतला सप्तमी के दिन शीतला माता के दर्शन मात्र से सभी समस्याओं व कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महानगर महामंत्री अमित अग्रवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, गंगा, जतिन, रोहित, दीपक, शिवम, कैलाश, अभिषेक सैनी, दीपक अरोरा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मशविरा** | अभिभावक और शिक्षक मिलकर बनाएं सकारात्मक माहौल, रचनात्मक गतिविधियों की ओर करें प्रेरित

# परीक्षा के बाद बच्चों को न हो किसी तरह का तनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। लंबे समय तक पढ़ाई और परीक्षा के दबाव के कारण बच्चों में मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में जब परीक्षाएं समाप्त होती हैं तो कई बच्चे तनाव से राहत पाने के लिए मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का सहारा लेने लगते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस आदत पर ध्यान न दिया जाए तो यह धीरे-धीरे डिजिटल लत में बदल सकती है। इसलिए जरूरी है कि अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों को सकारात्मक विकल्पों की ओर प्रेरित करें।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार परीक्षा के बाद बच्चों को मानसिक और शारीरिक आराम की जरूरत होती है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वे पूरा समय मोबाइल पर बिताएं। बच्चों को परिवार के साथ समय बिताने, खेलकूद करने, किताबें पढ़ने या अपनी पसंद की रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**केस स्टडी एक :** पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा के बाद बारहवीं कक्षा की एक छात्रा को डर सताने लगा कि उसके पेपर उम्मीद के अनुसार नहीं हुए। तनाव के कारण वह दिनभर मोबाइल पर पढ़ाई और परिणाम से जुड़ी चीजें खोजती रहती थी। स्थिति बिगड़ने पर उसकी मां ने मनोविज्ञानी से संपर्क किया। काउंसिलिंग और माहौल बदलने के बाद उसका तनाव कम हुआ और परिणाम भी अच्छा रहा।

**केस स्टडी दो :** एक छात्र परीक्षा खत्म होने के बाद सोशल मीडिया और मोबाइल रील्स में अधिक समय बिताने लगा। माता-पिता ने उससे बातचीत की तो उसने बताया कि उसे गिटार सीखने का शौक है। इसके बाद उसे गिटार सीखने का प्रशिक्षण दिलाया गया। इससे उसकी मोबाइल पर निर्भरता कम हुई और वह अपने शौक में व्यस्त रहने लगा।

मनोविज्ञानी डॉ. कुमार मंगलम सारस्वत का कहना है कि परीक्षा खत्म होने के बाद बच्चों को मानसिक रूप से हल्का महसूस करने की जरूरत होती है। यदि इस समय उन्हें मोबाइल की पूरी छूट दे दी जाए तो वे वास्तविक दुनिया से दूर हो सकते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के साथ समय बिताएं, उन्हें बाहर घूमने ले जाएं और आउटडोर गतिविधियों के लिए प्रेरित करें।



मनोविज्ञानी रीना तोमर का कहना है कि मोबाइल का संतुलित उपयोग भी जरूरी है। बच्चे मोबाइल के जरिए आगे की पढ़ाई, करियर विकल्पों या नई कौशल से जुड़ी जानकारी भी हासिल कर सकते हैं। स्कूलों को भी परीक्षाओं के बाद ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिनसे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े और वे नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित हों।



### अभिभावक क्या करें

- बच्चों के साथ समय बिताएं और खुलकर बातचीत करें
- मोबाइल के उपयोग की समय सीमा तय करें
- बच्चों को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित करें शिक्षक
- स्कूलों में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दें

### बच्चों के लिए उपयोगी गतिविधियां

- खेलकूद और योग
- संगीत, चित्रकला या लेखन
- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाइपास रोड, बरेली

### गांव तरफ दलपत में सोमवार रात तेंदुआ ने घर के बाहर खेल रहे बच्चे को दबोच लिया था

# अपने बच्चे के लिए तेंदुए से पांच मिनट संघर्ष करती रही पिंकी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव तरफ दलपत में सोमवार रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे को तेंदुआ उठाकर ले जाने लगा। बच्चे की मां पिंकी सैनी हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए से भिड़ गई और करीब पांच मिनट तक संघर्ष कर बेटे को तेंदुआ से छुड़ा लिया। घायल बच्चे को उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


वन विभाग की टीम व पुलिस।


घायल बच्चे का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

गांव तरफ दलपत निवासी रवि सैनी का पांच वर्षीय बेटा मोक्ष सैनी सोमवार रात करीब आठ बजे घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान नदी किनारे झाड़ियों से निकलकर आए तेंदुए ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां पिंकी सैनी मौके पर पहुंची और तेंदुए से अपने बच्चे को छुड़ाने के लिए भिड़ गई। महिला ने पास में पड़ा डंडा उठाकर तेंदुए पर तब तक बार किया जब तक तेंदुआ ने बच्चे को छोड़ नहीं दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। ग्रामीणों को देखकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हमले में बच्चे के चेहरे, गर्दन और कान के पास गहरे घाव हो गए। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। मंगलवार को चिकित्सकों ने सुधार बताया ।

### तेंदुआ पकड़ने को लगेगा पिंजड़ा

पुलिस और वन विभाग की टीम को खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान मिले हैं। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। वन अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों को सतर्क रहने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की सलाह दी गई है। साथ ही जल्द ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर निगरानी बढ़ाई जाएगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

## 125 किग्रा भैंस का मांस बरामद चालक गिरफ्तार

**भोजपुर, अमृत विचार :** उप निरीक्षक विपिन कुमार ने टाटा मैजिक को रोककर 125 किग्रा भैंस वंशीय मांस ,तीन खाल, तीन कटरे के सिर व एक अदद चाकू बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया सिरसवां दोराहा चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने मुखबिर की सूचना पर सेहल रेलवे अंडर बाइपास पर टाटा मैजिक को रोका तो उसमें सवार दो युवक भाग गए। चालक सीट पर बैठे युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जुनैद निवासी मोहल्ला नक्कालान भोजपुर और अपने साथियों के नाम भूरा निवासी सिरसखेड़ा व मुल्ला शब्बीर निवासी पीरगैव मुरादाबाद बताया।

# सील अस्पताल का उद्घाटन और वसूली को लेकर घमासान

### शासन से गठित टीम कर रही जांच, स्वास्थ्य विभाग ने दो बार किया सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पाकबड़ा क्षेत्र स्थित आयुष्मान अस्पताल को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बिना पंजीकरण के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने सितंबर 2024 में इसे सील कर दिया था। बावजूद 18 दिसंबर 2024 को कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह के बेटे द्वारा सील उद्घाटन कर दिया गया।

अस्पताल संचालक लक्ष्मण सिंह पर पहले ही बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल संचालित करने का आरोप था, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को बंद करा दिया था। मामला फिर सुर्खियों में आ गया जब 19 नवंबर 2025 को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बार फिर अस्पताल को सील कर दिया। इसके बाद अस्पताल संचालक ने गंभीर आरोप लगाए। कहा कि अस्पताल को दोबारा शुरू कराने के नाम पर उनसे दो लाख रुपये लिए गए थे। लेकिन यह रकम अधिकारियों को नहीं दी गई। लक्ष्मण सिंह ने शासन स्तर पर शिकायत दर्ज कराई। शासन ने जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि लक्ष्मण की शिकायत के बाद करीब छह अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर सीएमओ के माध्यम से बंद कराए गए।

### आय से अधिक संपत्ति होने की भी शिकायत

एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल के अनुसार लक्ष्मण सिंह ने पिछले माह दो फरवरी को फिर शासन में सीएमओ व डिप्टी सीएमओ पर आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की। इसकी जांच चल रही है। इस संबंध में लक्ष्मण सिंह के बयान दर्ज किए जाने हैं।

### झोलाछाप ने विधायक पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ हमले की दी तहरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा में आयुष्मान अस्पताल चलाने वाले झोलाछाप ने कुंदरकी विधायक के बेटे विक्की ठाकुर पर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मझोला पुलिस को चार लोगों विरुद्ध तहरीर दी है। आरोप है कि रुपये नहीं देने पर उसके मुंह में पिस्टल डाली गई। सोमवार को गोविंद नगर कटघर निवासी झोलाछाप लक्ष्मण सिंह ने इस बाबत एक वीडियो भी वायरल की थी। जिसमें कहा कि मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल है और जिला अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वीडियो वायरल हुई तो पुलिस ने तहरीर देने के लिए कहा लेकिन अभी भी जांच के बाद मुकदमा लिखने की बात कर मामले को टाला जा रहा है। उधर, विधायक पुत्र ने इस प्रकरण को राजनीतिक बताकर चुप्पी साध ली है।

### चर्चा में झोलाछापों से वसूली का खेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** झोलाछाप लक्ष्मण सिंह की वीडियो प्रसारित होने के बाद से स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियां भी संदेश के दायरे में आ गई हैं। सीधा-सीधा आरोप स्वास्थ्य विभाग पर भी है। बताया जा रहा है कि लड़ाई जिले भर के झोलाछापों से अवैध उगाई के पैसे के बंटवारे को लेकर हुई थी। चर्चा यह भी की झोलाछाप द्वारा विधायक पुत्र के नाम जिले भर के झोलाछापों से अवैध वसूली की जा रही थी। जिले के झोलाछाप डॉक्टर से वसूली के रुपयों का बंटवारा झोलाछाप ने नहीं किया। आरोप है कि वसूली के इकट्ठा की गई धनराशि को लेकर ही विधायक पुत्र पर मारपीट कर दो लाख रुपये की रंगदारी का आरोप लगाया है।

## तहसीलदार प्रवीण कुमार का तबादला धीरेश कुमार आए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** जनपद मुरादाबाद में प्रशासनिक फेरबदल के तहत ठाकुरद्वारा के तहसीलदार प्रवीण कुमार का तबादला कर दिया गया है। । उन्हें बिलारी तहसील में तैनाती दी गई है। वहीं सदर मुरादाबाद में तैनात रहे तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह को ठाकुरद्वारा का नया तहसीलदार बनाया गया है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले तहसीलदार प्रवीण कुमार उस समय चर्चा में आ गए थे, जब वह भाजपा का बैनर लगी कार में चेकिंग करते हुए नजर आए थे। इस मामले का वीडियो और फोटो सामने आने के बाद यह मामला काफी चर्चा में रहा था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने इसकी जांच के आदेश भी दिए थे। अब प्रशासनिक फेरबदल के तहत उनका तबादला कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से अपने-अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। प्रशासनिक बदलाव के बाद ठाकुरद्वारा तहसील में धीरेश कुमार सिंह चार्ज लेंगे।

# सील फैक्ट्रियों की अनदेखी पर डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी से 10 दिन में मांगा शपथपत्र**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताकर उन्हें तत्काल उपस्थित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा मजिस्ट्रेट द्वारा सील की गई फैक्ट्रियों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग की अनदेखी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई।

क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया कि 10 दिन में शपथ पत्र दें कि यहां पर कहीं भी ई-वेस्ट का कार्य नहीं हो रहा है, ऐसा न होने पर एनजीटी को नियमानुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करने की चेतावनी दी। कहा कि अगले 10 दिन में सभी अवैध ई-वेस्ट गतिविधियां हर हाल में बंद होनी चाहिए। ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन वेस्ट प्रबन्धन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ई-वेस्ट प्रबन्धन, गंभीर प्रदूषित औद्योगिक समूह से संबंधित, प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों कार्रवाई, रामगंगा नदी के संवेदनशील प्रदूषित नदी खंडों की मानीटरिंग और मोढ़ा तैय्या वेटलेण्ड रेस्टोरेशन की समीक्षा बैठक में की गई। वायो मेडिकल वेस्ट के संबंध में चिकित्साधिकारी ने बताया कि 26 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने बताया कि 34 उद्योगों को सील कर दिया गया है। उन्होंने ऐसी फैक्ट्रियों की कड़ी निगरानी करने के लिए कहा। प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में नगर निगम एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को स्थायी उपाय खोजने के लिए कहा।

मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, प्रभागीय निदेशक वन अविनाश पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाजी मौहम्मद इरफान को किया याद

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** बिलारी के प्रथम विधायक हाजी मौहम्मद इरफान को उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।


पुण्यतिथि पर हाजी इरफ़ान के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

तहसील बिलारी में तहसील बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं ने हाजी मौहम्मद इरफान को याद किया। विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि मेरे वालिद ने 40 साल वकालत कर बिलारी तहसील में जनसेवा दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी विनय सिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवान सरन माथुर, पूर्व अध्यक्ष आफाक हुसैन एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष कमाल अकबर, सचिव जबर सिंह एडवोकेट, चौधरी अनोद कुमार, सुनील कुमार, अब्दुल कुददूस, नवाब हुसैन, गुलाम मौहम्मद, चेतन्य पाल सिंह, परमजीत सिंह, विशन सिंह आर्य, शाहरूख मलिक, बसर मलिक, जाहिद मलिक, ताहिर , तहजीब आलम, केके नवल, फैसल इरफान, फुरकान अली, अबुल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

● **कई कार्यक्रमों में अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

सपा कैंप कार्यालय पर फातेहा व मगफिरत के लिए दुआ कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां सपा कार्यकर्ताओं और उलेमाओं ने खिराजे अकीदत पेश की और उनके कार्यकाल में विकास कार्यों को याद किया। नगर अध्यक्ष शाहनावाज आलम, जिला सचिव कसीम आजाद, सददाम सैफी, आमिल सिददीकी सभासद, जरीफ अंसारी सभासद, प्रशान्त गुप्ता, अरविन्द सिंह, रेहान पाशा, शिशुपाल सिंह, एपी यादव आदि मौजूद रहे। रॉयल पब्लिक स्कूल और एमएजेएमआई इंटर कॉलेज में भीहाजी मौहम्मद इरफान को याद किया गया। प्रबंधक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रधानाचार्य एम कुमार, शाहनवाज खान, अमन जौहरी, जावेद आलम, मौहम्मद अली, मौहम्मद आसिम, मौहम्मद आरिफ, पीयूष शर्मा, उषा, नूरजहां, शीतल कटयाल, दिव्या, आयुषी, उमूल वराह, नेहा सिंह, नेहा जौहरी, शिवा, हर्ष सक्सैना आदि मौजूद रहे।

## लालबाग मंदिर व आसपास पथ प्रकाश व्यवस्था देखी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नवरात्र करीब होने को देखते हुए नगर आयुक्त ने महानगर में मंदिरों के आसपास और पूरे महानगर में पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वयं निरीक्षण में पहुंचकर रैन बसेरों व अन्य जगहों के प्रबंध देखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि लालबाग काली माता मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में पथ प्रकाश के सभी बिंदुओं को तत्काल सक्रिय कराएं। चौराहे पर लगी स्ट्रीट लाइटें यदि बंद हों तो उसे ठीक कराएं। लालबाग स्थित श्री काली माता मन्दिर पर पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनरेटरों की व्यवस्था के लिए समय से प्रस्ताव भेजें और रात के समय कराए जा रहे कार्यों की निगरानी वरिष्ठ प्रभारी / सहायक अभियंता (पथ प्रकाश) स्वयं सुनिश्चित करें। कार्य की प्रगति की जानकारी उन्हें भी दें। कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

## न्यूज डायरी



### होली मिलन समारोह से दिया एकता का संदेश

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने मंगलवार को कश्यप धर्मशाला सहित काजीपुरा, मौसमपुर और चांदपुर मंगोल गांवों में आयोजित होली मिलन समारोहों में हिस्सा लिया। विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि होली समाज को एकजुट करने वाला त्योहार है। यह सद्भाव, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सभी वर्गों को मतभेद भुलाकर इसे मनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकास और जनसेवा में सक्रिय रहने की अपील की। कहा- जन सहयोग से ही समग्र विकास संभव है। नगर कुंदरकी को स्मार्ट बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू हो चुकी हैं, बाकी स्वीकृत हैं। रामौतार कश्यप, रामसहाय कश्यप, अनिल कश्यप, शिशुपाल सिंह, श्यौराज सिंह, अश्वनी शर्मा, राजपाल दिवाकर, सुभाष बाल्मीकि, शोभित, मुकेश सागर, पुजारी कल्लू सिंह, पीयूष गौतम, योगेंद्र सिंह, हरद्वारी, वेदप्रकाश, सुनील कुमार, जीशान खान, दीपक सागर, राजबहादुर, सुंदरलाल, रमेश, संतोष गुप्ता, जसपाल, सतीश सिंह, प्रेम सहाय, छोटेलाल आदि मौजूद रहे।



### शिक्षकों ने पाती लिखकर दर्ज कराया विरोध

**कांठ, अमृत विचार :** टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने हेतु अ.भा. प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं स्टाफ ने शिक्षक की पाती लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया। आरटीई एक्ट 2009 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले 15 संगठन शामिल हैं। विरोध प्रदर्शनों के चरणों में सर्वप्रथम शिक्षक की पाती इसके बाद जिला मुख्यालय पर मशाल रैली निकाली जाएगी। तीसरे चरण में इको गार्डन लखनऊ में रैली का आयोजन चौथे चरण में मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव प्रस्तावित है। शिक्षक की पाती कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा, नेता प्रतिपक्ष विधानसभा को पोस्ट कार्ड एव ईमेल के माध्यम से निवेदन किया जा रहा है। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने स्टाफ के साथ शिक्षक की पाती लिखकर विरोध दर्ज कराया।

### जमीन का विवाद एवं उधारी को लेकर किया हमला

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम कुम्हरिया जुमला निवासी रामपाल सिंह का गांव के ही दीपक, नितिन आदि से जमीनी विवाद चल रहा है और उनके ऊपर 1 लाख रुपए भी रामपाल ने बताए हैं। 8 मार्च को रामपाल सिंह अपने खेत पर पर गए थे। वहां दीपक, अनूप, नितिन व एक अन्य ने उन्हें गाली देनी शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने को मना किया तो सभी आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उनके हाथ पैरों की कई हड्डियां टूट गई। हमलावरों ने तमंचे से फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी। हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने घायल के पुत्र सुमित कुमार की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फाल्ट के चलते 3 दिन से छाया अंधेरा

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अकबरपुर में फॉल्ट होने से 3 दिन से अंधेरा छाया हुआ है। उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत तार जर्जर हो चुके हैं जिसके चलते आए दिन फॉल्ट होता रहता है बिजली सप्लाई न आने से गांव में अंधेरा छाया रहता है जिससे पशु चोरों का सक्रिय होने का अंदेशा बना हुआ है। उपभोक्ता अहमद हसन, नफीस, विरासत, हारून नौसे,नबी हसन, आदि ने बताया कि विद्युत लाइनमैन से टूटे तार जोड़ने को कहा जिसके एवज में सुविधा शुल्क देने की मांग की, पैसे ना देने पर टूटा विद्युत तार नहीं जोड़ा जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है।



### सिचाई खण्ड की बैठक में कार्यों की समीक्षा

**कांठ, अमृत विचार :** मंडल कार्यालय के ट्यूबवैल कॉलोनी स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित सिंचाई खंड की मासिक बैठक में उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई ने पूर्व कार्यो की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने बताया कि अधिकांश कार्य पूर्ण हुए तथा कुछ कार्य जैसे नलकूप संख्या 240 एजी की पाइपलाइन , शिवपुरी मुंडा पांडे के महाविद्यालय के सामने का पुल निर्माण अति शीघ्र होने की आशा है। इस समय नहर कटिंग और कुलाबे की कोई समस्या नहीं है। नहरों को रोस्टर के हिसाब से चलाया जा रहा है। अधिकांश नहरों में 12 मार्च को पानी छोड़ दिया जाएगा ताकि किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सकें। लघु सिंचाई के अंतर्गत जिनके नलकूप और कोठरी आदि कंप्लीट हो गए हैं, उनके लिए सब्सिडी की व्यवस्था की जा रही है जिससे किसान लाभान्वित होंगे। संचालन प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में कई अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सक्टूनगला, वि.ख. मूंढापाण्डे, मुरादाबाद**

पत्रांक- मीमो/परावि/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक 10.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सक्टूनगला वि.ख. मूंढापाण्डे, मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने हैं। उक्त हेतु पंजीकृत ठेकेदार (सामग्री) दिनांक 11.03.2026 से 16.03.26 तक दोपहर 02:00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें (सामग्री) अपने पंजीकृत प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति साहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ.डी.आर. आदि संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 03:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप मीटर में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाला निर्माण कार्य फिदा हुसैन के घर से अन्सार की तरफ | | 313260 | 100 | 2% | 01 माह |
| 2 | सीसी टाईल्स कार्य फुरकान की दुकान से सिराजुद्दीन के प्लाट तक | | 335664 | 100 | 2% | 01 माह |
| 3 | नाली दिवार कार्य साजिद के प्लाट से फुरकान के घर तक | | 170460 | 100 | 2% | 01 माह |
| 4 | नाली व सीसी टाईल्स कार्य अन्सार कुरैशी के घर से सिराजुद्दीन केखेत तक | | 216150 | 100 | 2% | 01 माह |
| 5 | नाली व सीसी टाईल्स कार्य फरजन्द के घर से शौकीन के घर तक | | 486528 | 100 | 2% | 01 माह |
| 6 | नाली व सीसी टाईल्स कार्य तौहीद के घर से फरीदन के घर तक | | 120216 | 100 | 2% | 01 माह |

**नियम व शर्ते :** (1) सामग्री की मात्रा का निर्धारण कार्य स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा। (2) आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की आयेगी। (3) सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। (4) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर की जायेगी। (5) प्रस्तुत दर पी.डब्यू.डी. की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। (6) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। (7) सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा, विकास खण्ड मूंढापाण्डे, मुरादाबाद

# किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की बैठक किसान भवन छजलैट में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई।

भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इसके अलावा किसानों को फसलों की सिंचाई करने में परेशानी आ रही है। इसके साथ ही नहरों में पानी कम है। इस टेल तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि लगातार किसान मांग करते चलेगा आ रहे हैं उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। मृदा परीक्षण केंद्र तहसील क्षेत्र में नहीं खोला गया है जिसके कारण किसानों की जमीन में होने वाले रोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। मृदा परीक्षण केंद्र खुलेगा तो वहां पर वैज्ञानिक तैनात होंगे और किसानों की भूमि में किस तरह की समस्या है इसका पता लग सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने किसानों की सभी समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में चौधरी अंगद सिंह, राम कैलाश सिंह, हरदीप सिंह, सियाराम, सुल्तान, राजाराम, नवनीत कुमार आदि किसान यूनियन के अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| 11 मार्च | 12 मार्च |
| सुन्नी: 06.25 | सुन्नी: 04.56 |
| शिया: 06.33 | शिया: 04.57 |

**न्यूज ब्रीफ**

### बेटे ने धारदार हथियार से पिता पर हमला किया

**बिलासपुर, अमृत विचार :** एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। खजुरिया थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव निवासी ठाकुरदास ने बताया कि वह लकड़ी की ठेकेदारी करते हैं। उनका सबसे छोटा बेटा रात में घर से बाहर था। उनकी पत्नी को चिंता हुई, तो उन्होंने बेटे को फोन कर दिया। थोड़ी देर बाद बेटा घर आया और उनको जमीन पर गिराकर मारपीट की। साथ ही किसी धारदार चीज से उनका हाथ लहूलुहान कर दिया। उसने पुत्र पर गला दबाकर मारने का आरोप लगाया। बताया छोटा बेटा पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### आरएससीएल के लिए ट्रॉयल 14 व 15 को

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर में होने जा रहे राज्य स्तरीय रामपुर सुपर क्रिकेट लीग टी-25 के लिए ट्रॉलय 15 मार्च को होंगे। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन ने बताया कि लीग उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। क्रिकेट लीग में रामपुर जिले के एवं अन्य जिलों के क्रिकेट खिलाड़ियों को ट्रायल देने वह चयनित होने का अंतिम अवसर मिलेगा। रामपुर में ट्रायल के बाद सभी ट्रायल समाप्त हो जाएंग। यह फाइनल ट्रायल होगा। इस ट्रायल में चयनित खिलाडियों को ही लीग में खेलने का अवसर मिलेगा। रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन 14 और 15 मार्च की को सुबह 9 बजे से रामपुर क्रिकेट अकादमी ज्वाला नगर रामपुर में दो दिवसीय क्रिकेट ट्रायल होगा। अध्यक्ष सहित क्रिकेट कोच आलम खान व नितिन कुमार ने खिलाड़ियों से समय से टॉयल में पहुंचने की अपील की है।

# किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर किया प्रदर्शन

## भाकियू चढ़ूनी ने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर जताया रोष

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार:** भाकियू चढ़ूनी से जुड़े किसानों ने मंगलवार को भारत-अमेरिका व्यापार डील के विरोध में प्रदर्शन किया। साथ ही किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर केंद्र सरकार से इस समझौते को तत्काल समाप्त करने की मांग की। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

मंगलवार को संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह पड्डा के नेतृत्व में हाईवे स्थित मन्नत गार्डन पर एकत्र हुए। जहां पर भारत-अमेरिका व्यापार डील को किसानों के हितों के खिलाफ बताया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में किसानों द्वारा यहां से ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। जोकि नैनीताल हाईवे, मुख्य चौराहा, रामपुर मार्ग, पोस्ट आफिस मार्ग, शिवबाग मंडी, माटखेड़ा मार्ग से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर ट्रेक्टर मार्च समाप्त हुआ। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारतीय किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस डील से विदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे देश के किसानों को नुकसान होगा।

इस मौके पर कृपाल सिंह, सुखदेव सिंह, मनिंदर सिंह, गुरबाज सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, गगनदीप सिंह, हरजिंदर सिंह, पलविंदर सिंह, तरसेम सिंह, गुरविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ज्ञापन सौंपते किसान नेता। • अमृत विचार

### पुलिस के कहने पर दहन नहीं किया पुतला

किसानों ने बताया कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों की सरकार बनकर रह गई है। वहीं किसानों का मुख्य चौराहा प्रधानमंत्री का पुतला दहन करने की तैयारी थी, लेकिन पुलिस की अपील पर किसानों ने पुतला दहन नहीं किया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कपूर, गुरबाज सिंह सिंह, दलजीत सिंह, गगनदीप सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी, कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द ही इस व्यापार डील को वापस नहीं लिया। तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने कहा कि किसान अपने अधिकारों के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार हैं। किसानों ने सरकार से ऐसी किसी भी नीति या समझौते से बचने का आग्रह किया। उन्होंने एकजुट होकर सरकार से किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की। किसान नेताओं ने दोहराया कि यदि उनकी मांगें समय पर पूरी नहीं हुईं, तो उन्हें बड़े आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।



भारत-अमेरिका व्यापार डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान।

# कबाड़ से जुगाड़ बनी फूडवैन का किया निरीक्षण



कबाड़ वाहन से बनी फूड वैन का निरीक्षण करते डीएम। • अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

• रेहड़ी-पटरी वालों को मिलेगा रोजगार, मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** कबाड़ बने शासकीय वाहनों को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पुनः उपयोग में लाकर सरकारी संसाधनों का सही उपयोग नवाचार और जनकल्याण दोनों को एक साथ आगे बढ़ाने की तैयारी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को फोटो चुंगी पहुंचकर फूडवैन का निरीक्षण किया।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर दुर्गेश्वर त्रिपाठी से इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फूडवैन की उपयोगिता, संचालन व्यवस्था तथा वेंडिंग जोन में इनके माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे रेहड़ी-पटरी वाले, जो स्थायी रूप से अपना रोजगार स्थापित नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें वेंडिंग जोन में फूडवैन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसी क्रम में 11 मार्च को पात्र रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को फूडवैन उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से जहाँ एक ओर निष्प्रयोज्य संसाधनों को नया उद्देश्य मिला है, वहीं दूसरी ओर रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों के लिए सम्मानजनक आजीविका की एक नई शुरुआत भी होगी।

# किसानों ने खतौनी समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन देते भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता।

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार नेतृत्व में किसान और कार्यकर्ता एकत्र हुए। इसके बाद सभी ने एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मांगें उठाई गई हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में बिजली के खंभों पर लगे तार बेहद पुराने और जर्जर हो चुके हैं। जम्पर ढीले होने के कारण आए दिन चिंगारियां उठती रहती हैं, जिससे पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने का भारी जोखिम बना हुआ है। खतौनियों में नाम और अंश भाग में दर्ज गलतियों को जल्द ठीक कराने आदि की मांगें शामिल है। इस मौके पर अवतार सिंह, बलदेव सिंह, सुशील शर्मा, तरसन सिंह, राजेंद्र गंगवार, नरेश गंगवार, राजेन्द्र गंगवार तरसेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# मास्टर प्लान-2031 में शामिल 39 गांव होंगे विकसित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• आरडीए द्वारा जीआईएस आधारित मास्टर प्लान को लेकर हुई बैठक

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में मंगलवार को रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जीआईएस आधारित मास्टर प्लान-2031 को लेकर प्रथम बैठक हुई। इसमें मास्टर प्लान-2031 में शामिल 39 गांवों को विकसित करने पर मंथन हुआ।

शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा कुल 39 गांवों को मास्टर प्लान-2031 में शामिल करने की जानकारी दी गई। इनमें तहसील सदर के स्वार रोड क्षेत्र के राजस्व ग्राम खौद, सींगनखेड़ा, जगतपुर, अहरौला, अलीगंज बेनजीर, किशनपुर (निकट अटरिया), अटरिया तथा पैगा शामिल हैं। इसी प्रकार बिलासपुर रोड क्षेत्र के केशरपुर, रहपुरा, मिलक हाशम, कोयला, कोयली, इंद्री, इंद्रा एवं भमरौआ को भी मास्टर प्लान में सम्मिलित किया गया है।

इसके अतिरिक्त बरेली रोड क्षेत्र के मगरमऊ, अलीनगर जनूबी, रायपुर, मण्डैय्यान कल्लू, पट्टी कल्यानपुर, कल्यानपुर, अब्बास नगर, मण्डैय्यान रामजी, पसियापुर जनूबी, अहमद नगर थैगा, मिलक इच्छाराम, वजीरपुर, पंजाब नगर, थैगा, बिजईया, चिकना, फैजनगर, फतेहपुर, दनियापुर, शंकरपुर, मण्डैय्यान उदयराज, ककरव्वा तथा भंडपुरा को भी मास्टर प्लान-2031 में शामिल किया गया है। मास्टर प्लान में इन गांवों के शामिल होने से क्षेत्र में नियोजित विकास, बेहतर आधारभूत ढांचा, सड़कों, जल निकासी, आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाओं के विकास के लिए भविष्य में योजनाएं तैयार की जा सकेंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों, उद्योगपतियों एवं विभिन्न एसोसिएशनों से मास्टर प्लान-2031 के संबंध में सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित किए जाने का निर्णय लिया गया, ताकि सभी पक्षों के विचारों को सम्मिलित करते हुए जनपद के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में प्रभावी योजना तैयार की जा सके।



बैठक में शामिल अधिकारी। • अमृत विचार

### आईआईए पदाधिकारियों ने दिए सुझाव

आईआईए चेयरमैन श्रीश गुप्ता, आईआईए सचिव मनोज गर्ग व सदस्य अमृत कपूर ने भी बैठक में अपने प्रस्ताव रख सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए जहां भूमि की दरें कम है उन क्षेत्रों को उद्योगों के लिए चिन्हित करें। इसके अलावा सर्वे के समय स्थानीय लेखपाल, प्रधान, जिला पंचायत सदस्यों के सहयोग लें। सड़क के किनारे वाले प्लॉट्स को उद्योगों एवं व्यावसायिक के लिए लैंड यूज रखें। रामपुर में मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के लिए योजना में सस्ती दरों पर लैंड यूज रखने का प्रस्ताव दिया। चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने प्रस्ताव रखा कि टाउन प्लानर की एक मीटिंग आईआईए सदस्यों के साथ रख ली जाए। जिसमें विस्तार से स्टैग होल्डर्स को योजना के बारे में विस्तार से बता दिया जाए। जिसका नगर विधायक ने समर्थन किया। जिलाधिकारी ने मीटिंग करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने ट्राई साइकिल और आयुष्मान कार्ड किए वितरित

• डीएम ने जरूरतमंदों की शिकायतें सुनकर मौके पर किया निस्तारण

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने दूर दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान कई जरूरतमंदों को मौके पर ही राहत दी। जनता दर्शन में मठ वाला कब्रिस्तान, संतोषी माता मंदिर, रामपुर निवासी दिव्यांग तुषार तथा तहसील सदर के ग्राम पंजाब नगर निवासी दिव्यांग वीरपाल को जिलाधिकारी ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भेंट की।



आयुष्मान कार्ड सौंपते डीएम।

मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्राप्त कर दोनों दिव्यांगों ने खुशी जताते हुए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर डीएम ने तीन लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए।

# आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर पुलिस प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• पुलिस अधीक्षक ने टीमों को नगद पुरस्कार देकर बढ़ाया उत्साह

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर पुलिस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। जिला रामपुर ने सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग व आईजीआरएस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी आईजीआरएस अनुराग सिंह के कुशल नेतृत्व में आईजीआरएस कार्यालय द्वारा जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप माह फरवरी-2026 में शासन स्तर पर की समीक्षा गई। इसमें जिला रामपुर ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रामपुर जिला विगत माह जनवरी में भी प्रथम स्थान पर रहा था। पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा आईजीआरएस शाखा में नियुक्त निम्न कर्मियों को उत्साहवर्धन के लिए नकद धनराशि से पुरस्कृत किया गया। रामपुर जिले ने सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह फरवरी- 2026 की रैंकिंग में भी प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में रामपुर जिले ने 85.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह फरवरी- 2026 में प्रथम स्थान पर आया है। सीएम डैशबोर्ड में 50 बिन्दुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है।



आईजीआरएस टीम को बधाई देते एसपी विद्या सागर मिश्र। • अमृत विचार

# रिपेयरिंग सेंटर का ताला तोड़कर सामान चोरी

**बिलासपुर, अमृत विचार:** चोरों ने गांव करतारपुर स्थित एक रिपेयरिंग सेंटर का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान और गाड़ियों के कागजात समेट ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। रुद्रपुर उत्तराखंड के मोहल्ला भदईपुरा निवासी आरिफ अली का क्षेत्र के गांव करतारपुर में रिपेयरिंग सेंटर है। आरिफ के अनुसार वह रोज की तरह दुकान में ताला लगाकर घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पहुंचा, तो अंदर का नजारा देख दंग रह गया। दुकान से एक जनरेटर का कापर वायर, दो कार बैट्रियां, वायरिंग, टूल किट और वहां खड़ी गाड़ियों के जरूरी कागजात गायब थे। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पारदर्शिता के साथ होगी उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• डीएम व एसपी ने परीक्षा सकुशल कराने को लेकर की बैठक

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने 14 और 15 मार्च को होने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों एवं परीक्षा केंद्र प्रभारियों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, शुचिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सभी अधिकारी गहनता से अध्ययन कर लें, ताकि परीक्षा का संचालन व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य नामित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखना होगा तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे प्रदर्शित करना होगा। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने भी दिशा निर्देश दिए।

**चिंता** | सुबह उमड़े बदलों को देखकर सता रहा फसलों की बर्बादी का डर

# मौसम बदला, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सुबह से आसमान में बादल और धुंध छाई हुई है। आसमान में बादल देख किसानों की धड़कनें बढ़ गई। बारिश से रबी की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। क्योंकि खेतों में गेहूं की फसल तैयार खड़ी है। कृषि वैज्ञानिक कहते हैं कि यदि बारिश हो गई तो खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

बारिश से खेतों में खड़ी दलहनी और तिलहन फसलों के अलावा गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचने का अनुमान है। मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, आसमान में बादलों को देख किसानों के दिल की धड़कन बढ़ी हुई है। कृषि वैज्ञानिक डा. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि बारिश तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। जबकि, हल्की बारिश फसल के लिए लाभकारी है। हल्की बारिश से गेहूं का उत्पादन बढ़ जाएगा क्योंकि, जो गेहूं का दाना दूध पर है वह और अधिक मोटा पड़ेगा। हल्की बारिश गेहूं की पिछैती फसल को भी लाभ पहुंचाएगी।



मंगलवार को आसमान में उमड़े बादल। • अमृत विचार

> 14 मार्च को सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण 15 और 16 मार्च को हल्की वर्षा की संभावना है साथ ही साथ तापमान में हल्की गिरावट के आसार हैं।
> - डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

**जिले में इतना है रबी की फसलों का रकबा**

| फसल | रकबा |
|---|---|
| गेहूं | 1 लाख 45 हजार 92 हेक्टेयर |
| चना | 29 हेक्टेयर |
| मसूर | 1732 हेक्टेयर |
| सरसों | 1845 हेक्टेयर |

# पुलिस ने तीन और बच्चों के बयान कोर्ट में करवाए दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** पुलिस ने क्षेत्र के चर्चित सेंट फ्रांसिस स्कूल मामले में शेष तीन बच्चों के बयान कोर्ट में दर्ज करवाए गए। ज्ञात हो कि स्कूल के प्रिंसिपल फादर अरिशेरिल जोसफ पर बच्चों के साथ अश्लील हरकत और यौन शोषण पाक्सो एक्ट के गंभीर आरोप लगे हैं। बाद में भोट पुलिस ने अभिभावकों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं, अभिभावकों और 21 सदस्यीय कमेटी की मांग पर एसपी ने मामले की जांच भोट पुलिस से हटाकर बिलासपुर पुलिस को सौंप दी थी। इसी बीच मंगलवार को कोतवाली पुलिस द्वारा तीन और बच्चों के बयान दर्ज करवाए गए। जबकि भोट पुलिस चार स्कूली बच्चों के पहले ही बयान दर्ज करवा चुकी है। इस प्रकरण की जांच कर रहे उपनिरीक्षक केशू शर्मा ने बताया कि चार बच्चों के बयान भोट पुलिस दर्ज करवा चुकी है। तीन बच्चों के बयान मंगलवार को दर्ज करवाए गए हैं।

# भूखे को भोजन कराना सवाब का काम

संवाददाता बिलासपुर

• भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अधिवेशन में बोले कुलपति

**अमृत विचार:** अमरोहा में हुए भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अधिवेशन में बिलासपुर के भगवान महावीर अन्नपूर्णा भोजनालय के संचालक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष व तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलपति सुरेश चंद्र जैन ने जैन मिलन बिलासपुर के इस सेवा कार्य को अतुलनीय एवं अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी भूखे व्यक्ति को भोजन कराने से बड़ा कोई कार्य नहीं है।

जैन मिलन क्षेत्र संख्या तीन के 34 वें वार्षिक अधिवेशन में बिलासपुर की महिला जैन मिलन और जैन मिलन द्वारा वृद्ध असहाय एवं निर्धन लोगों के लिए संचालित भोजनशाला जो छह जून 2025 से लगातार चल रही है। कुलपति सुरेश चंद्र जैन ने कहा कि प्रतिदिन शुद्ध सात्विक पौष्टिक स्वादिष्ट भोजन खिलाकर जैन मिलन अति महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है, जोकि प्रशंसा का पात्र है। इस दौरान उन्होंने शाखा के वीर संदेश कुमार जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष, शाखा के अध्यक्ष विनोद जैन, मंत्री हिमांशु जैन, महिला अध्यक्ष शालिनी जैन, मंत्री प्रिया जैन, दिनेश जैन हैप्पी, रिंकी जैन आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में भोजन सेवा के कार्यक्रमों में बिलासपुर का यह जैन रसोई एकमात्र प्रकल्प है। जिसे अन्य शाखाओं को भी अपना कर जन सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनानी चाहिए। जिससे जैन मिलन के सिद्धांतों को पूरा किया जा सके और गति मिल सके। जैन मिलन क्षेत्र संख्या तीन के अध्यक्ष संदेश कुमार जैन ने भगवान महावीर अन्नपूर्णा भोजनालय की कार्यशैली को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कि प्रतिदिन लगभग ढाई सौ से 400 लोगों को शुद्ध दाल-रोटी, सब्जी, चावल का भरपेट भोजन कैमरी रोड स्थित जैन रसोई में कराया जाता है। जिसे बिलासपुर का प्रत्येक वर्ग समाज सहयोग करता है। अधिवेशन की संयोजिका सपना जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते आयोजक। • अमृत विचार

# पॉलीटेक्निक कालेज में 24 को लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 24 मार्च को सुबह 10 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला लगेगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 40 मल्टीनेशनल कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों की योग्यता-हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई होना चाहिए। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जाकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते हैं। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है।

न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं ने खेली फूलों की होली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नारी शक्ति मंच के होली मिलन कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने फूलों की होली खेली और महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की। नगर के मोहल्ला स्थित एक स्कूल परिसर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान होली नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। ब्रह्माकुमारी बहन संगीता और बबीता ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। संत प्रेम निष्ठानंद, संत अचल दयानंद और खुशपाल कौर ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, पूनम जैन, नेहा भारद्वाज, डा. परविंदर कौर, सर्वजीत कौर, अदिति चौधरी, प्रीति भारद्वाज, ख्याति अग्रवाल, डा. रवलीन कौर, मधुबाला गुगलानी, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, साधना सक्सेना, शालिनी सक्सेना, प्रियंका पांडे, सविता चौधरी, रीता गौतम, अनुराधा कश्यप आदि मौजूद रहीं।

### एसपी ने देर रात थाने का निरीक्षण किया

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने सोमवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ मिलकखानम थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और साफ-सफाई का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर सेल का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### 50 से अधिक गांवों की बिजली रहेगी बाधित

**मसवासी, अमृत विचार :** टांडा से दढ़ियाल आने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन से पेड़ों की टहनियां टकराने की समस्या के चलते बुधवार को कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। लाइन की मरम्मत और पेड़ों की छंटाई के कारण मसवासी नगर समेत आसपास के 50 से अधिक गांवों में शाम चार बजे तक बिजली बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाईटेंशन लाइन से पेड़ों की टहनियां टकराने के कारण अक्सर फाल्ट हो जाता था। इससे दढ़ियाल स्वार के आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के स्थायी समाधान के लिए बुधवार सुबह करीब 10 बजे टांडा बिजलीघर से लाइन बंद कर दी जाएगी।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते पिता पुत्र पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 27 फरवरी को नगर के मोहल्ला खास स्वार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया था। आरोपी सरफराज, तौकीर अली, मतलूब ने इंतखाब हुसैन व पिता अशफाक हुसैन पर हसिया से हमला कर घायल कर दिया था। घायल इंतखाब हुसैन की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी सरफराज को जेल भेज दिया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी तौकीर और महबूब को गिरफ्तार कर लिया।

# रामपुर में हादसे, दो की मौत, पांच घायल

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल, अजीमनगर थाने के जिठानिया रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** अजीम नगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइक के आमने-सामने से भीषण टक्कर के बाद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मोर्चरी भेज दिया है।


अमन।

थाना क्षेत्र के अजीमनगर जिठनिया रोड स्थित अलीनगर शुमाली की पुलिया के पास मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क हादसा हुआ। अलीनगर शुमाली निवासी मोहम्मद अमान और शाहिद मंगलवार दोपहर बाद कुछ सामान खरीदने बाइक से जिठनिया अड्डे पर गए थे। सामान खरीदने के बाद दोनों युवक वापस अपने घर आने लगे। लोगों ने बताया कि गांव के नजदीक ही उनकी बाइक की सामने से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार करने लगी। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के तमाम लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने दोनों बाइक सवार घायलों को उठाने की कोशिश की। लेकिन तब तक अलीनगर शुमाली निवासी मोहम्मद अमान उम्र 20 वर्ष की मौत हो चुकी थी। जबकि उसका साथ ही मोहम्मद शाहिद और दूसरी बाइक सवार अनीश और फैजान निवासी चौधरपुर थाना टांडा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ने लगे। कुछ देर के अंदर ही मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जमा होने लगी। हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस जिला अस्पताल ले गई। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस अपने स्तर से पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में दस दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल रतनपुरा निवासी 50 वर्षीय उमर की सोमवार को दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। गंभीर हालत के चलते उन्हें दिल्ली रेफर किया गया था। लोगों ने बताया कि उमर अपनी बाइक से मुरसैना से अपने घर रतनपुरा लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक सड़क पर फिसल गई। इस हादसे में उमर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से उमर को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया था। दिल्ली में इलाज के दौरान सोमवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।


उमर

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीसीएम ने मारी टक्कर

**मिलक, अमृत विचार :** तेज रफ्तार चल रही ट्रैक्टर ट्राली में डीसीएम पीछे से टकरा गई। हादसे में चालक और क्लीनर घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह परिचालक को डीसीएम से बाहर निकाल कर एंबुलेंस के माध्यम से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चालक को डीसीएम में फंसे होने के बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से बाहर निकाला। सोमवार की देर रात नगर के हाईवे स्थित पंजाब ढाबा के समीप गजरौला से आ रही डीसीएम आगे चल रही अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में परिचालक सचिन निवासी ग्राम अलीपुर पोस्ट गजरौला थाना अमरोहा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं चालक हादसे के बाद डीसीएम में बुरी तरह फंस गया। जिसको पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से बाहर निकाला और जिला अस्पताल भिजवा दिया।


चालक को डीसीएम निकालती फायर ब्रिगेड की टीम।

# रमजान में एतकाफ में बैठे इबादत गुजार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


मौलवी रेहान खां, इमाम जामा मस्जिद।

- इबादत, रहमत और बरकत का महीना है मुकद्दस रमजान

**अमृत विचार:** माहे रमजान का तीसरा अशरा शुरू होते ही इबादतगुजार ऐतकाफ में बैठ गए हैं। मुकद्दस रमजान इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। माहे रमजान में रोजेदारों के गुनाह माफ होते हैं और अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कुबूल करता है। माहे रमजान में गरीबों को ज्यादा से ज्यादा जकात दें इससे अल्लाह रोजी-रोजगार में बरकत देता है।

रमजानुल मुबारक इस्लामी कैलेंडर में नौवां महीना है। इस्लामिक कैलेंडर में चांद के अनुसार महीने के दिन गिने जाते हैं, जो 30 या 29 दिन के होते हैं। रमजान उल मुबारक में 29 रमजान का चांद होने पर एक तारीख शनिवार को ईद हो सकती है। 30 रमजान का चांद होने पर रविवार को ईद होगी। रमजान का मुकद्दस महीना इबादत, दुआओं और हर तरह की बुराइयों से बचने का महीना है। जामा मस्जिद के इमाम मौलवी रेहान खां बताते हैं कि रमजान उल मुबारक में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और उनकी दुआएं कुबूल होती हैं। बताते हैं कि इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक महीना है। मुकद्दस रमजान हमें सच्चाई और अच्छाई के रास्ते पर चलने का दर्स देता है। माहे रमजान में गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारना चाहिए। माहे रमजान आपस में मोहब्बत का संदेश देता है। गरीबों के प्रति हमदर्दी बरतने का महीना है।

## आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाला गिरफ्तार

**शाहबाद: अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में शाहबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आठ मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक आपत्तिजनक पोस्ट डाले जाने की सूचना एक्स (पहले ट्विटर) के माध्यम से रामपुर पुलिस को मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए शाहबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के आधार पर पुलिस ने परौता गांव निवासी अंकित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया।

## छात्र अर्जुन ने तीन स्पर्धाओं में झटके रजत पदक

**रामपुर, अमृत विचार:** 9 से 11 मार्च तक डाभासेमर अयोध्या में आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रामपुर के परिषदीय स्कूल के छात्र अर्जुन ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 200, 400 और 600 मी. दौड़ में तीन रजत पदक अपने नाम किए हैं। कंपोजिट विद्यालय नानकर मिलक के छात्र अर्जुन ने 9 मार्च को भी मुख्यातिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के समक्ष हुई 600 मीटर दौड़ मे भी रजत पदक झटका था। इस तरह एथलेटिक्स में वर्ग में कुल तीन सिल्वर मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया साथ ही रामपुर और मुरादबाद मंडल का भी नाम रोशन किया है। अर्जुन की इस उपलब्धि पर विभाग में खुशी का माहौल है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने शुभकामनाएं दीं।


व्यायाम शिक्षक सलीम मियां के साथ अर्जुन। ● अमृत विचार

अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, टीम इंचार्ज शिक्षक गोविंद नारायण, भुजवीर सिंह, पंकज कुमार, जय प्रकाश, नितिन राजपूत, मोहित सक्सेना, राकेश विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# हाईस्कूल की चित्रकला परीक्षा से अनुपस्थित रहे 1728 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड में मंगलवार को हाईस्कूल की चित्रकला की परीक्षा में 23771 के सापेक्ष 22043 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 1728 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यवसायिक वर्ग की परीक्षा में 280 के सापेक्ष 272 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की व्यवसाय अध्ययन एवं गृह विज्ञान की परीक्षा के लिए पंजीकृत 4367 के सापेक्ष 5161 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा से 206 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर हुई यूपी बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल के चित्रकला के पेपर के लिए 23771 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसके सापेक्ष 22043 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का व्यवसायिक वर्ग का भी पेपर था जिसके लिए 280 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 272 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में हुई इंटरमीडिएट की व्यवसाय अध्ययन और गृह विज्ञान की परीक्षा के लिए 4367 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 4161 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 206 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्नों के उत्तरों का मिलान करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- 12वीं की प्रथम पाली में व्यावसायिक वर्ग की परीक्षा से 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## डॉ. चंद्रप्रकाश की पुस्तक अमृत की खोज की प्रशंसा

**मिलक, अमृत विचार:** नगर मिलक के प्रसिद्ध साहित्यकार और शिक्षाविद डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा की नई गद्य कृति "अमृत्व की खोज" हिंदी जगत में चर्चा का विषय बन गई है। प्रख्यात विद्वान डॉ. महेश दिवाकर (डी.लिट.) ने इस कृति का समीक्षात्मक विश्लेषण करते हुए इसे अनुभव और चिंतन की विलक्षण रचना बताया है। डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा ने सुझाव दिया कि निबंधों के शीर्षक अपेक्षाकृत लंबे हैं, जिन्हें संक्षिप्त और सारगर्भित किया जाए तो कृति का सौंदर्य और बढ़ सकता है। समीक्षकों का मानना है कि अमृत्व की खोज हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण कृति के रूप में स्थापित होगी और पाठकों के बीच सराहना मिलेगी।


डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा।

# आजम-अब्दुल्ला के दो पैनकार्ड मामले अभियोजन की बहस पूरी

संवाददाता, रामपुर

- सेशन कोर्ट में सजा के खिलाफ 16 मार्च को बचाव पक्ष देगा जवाब

**अमृत विचार:** सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान से जुड़े दो पैन कार्ड मामले में मंगलवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर अपील पर अभियोजन पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली है। अब इस मामले में बचाव पक्ष 16 मार्च 2026 को अपना जवाब पेश करेगा।

एडीजीसी सीमा राणा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से अपील पर बहस पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जब से यह अपील सेशन कोर्ट में दाखिल हुई है, तब से अभियोजन लगातार अपनी कानूनी दलीलें रख रहा था। अदालत ने अब बचाव पक्ष को जवाब देने के लिए अगली तारीख तय की है। एडीजीसी सीमा राणा ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से बहस पूरी हो गई है। आजम खान की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर सुल्तान और उनके सहयोगी अधिवक्ताओं ने पहले ही अदालत में अपना पक्ष रखा है। अभियोजन पक्ष की दलीलें पूरी होने के बाद अब बचाव पक्ष 16 मार्च को अदालत में अपना अंतिम जवाब पेश करेगा।

## घर से निकले बुजुर्ग का शव मिला

**मिलक, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम रहपुरा का मझरा में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध का शव जंगल में मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त मोहनलाल निवासी रहपुरा का मझरा के रूप में की। स्वजनों ने पुलिस को बताया कि मोहनलाल हृदय रोगी थे। बीते कुछ दिनों से लापता थे। वह अपने साढ़ू के यहां बिना बताए चला जाया करता था। जिससे स्वजन भी यही मान रहे थे कि वह साढ़ू के यहां चला गया है।

न्यूज डायरी

### 13 से 15 मार्च तक होगी हॉकी प्रतियोगिता

**रामपुर, अमृत विचार :** मेजर ध्यानचंद सेवन ए साइड महिला आल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च तक होगी। हॉकी प्रतियोगिता में देश की नामवर टीमें प्रतिभाग करेंगी। हॉकी प्रशिक्षक फरहत अली खां ने बताया कि स्कूल नेशनल हॉकी में ब्रांज मेडल विजेता मशीयत फातिमा द्वारा ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल की हॉकी टीम की जर्सी मंगलवार को लांच की गई है। इस अवसर पर अतीबा कमर, रुखसार जफर, मारिया फरहत, रविश, रिजवान, कशिश चौहान, रोशनी आदि मौजूद रहे। हॉकी प्रतियोगिता मिलक के एक स्कूल में होगी।





### चक्का फेंक में अनु यादव ने झटका रजत पदक

**रामपुर, अमृत विचार :** 36वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अयोध्या में रामपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा ब्लॉक स्वार से अनु यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा ब्लॉक रामपुर मंडल मुरादाबाद का नाम रोशन किया है। प्रधानाध्यापक एवं ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह हमेशा शिक्षक संगठन, स्कूल एवं बच्चों के प्रति हमेशा समर्पित रहते हैं। अनु यादव के बड़े भाई देव यादव को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में अध्यक्ष का मुख्य योगदान दिया।

### महिला की हत्या के मामले में मां-बेटी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** महिला की दहेज हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी मां बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी मां बेटी कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है। 16 फरवरी को जलील अहमद निवासी ग्राम कुचैटा थाना अजीमनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि जुनैद, आजम, इल्मा पुत्री जाकिर और मुरसलीन पत्नी जाकिर अली निवासी मोहल्ला चक स्वार ने उसकी 25 वर्षीय पुत्री मुन्तियाज जहां को स्कॉर्पियो कार और 20 लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न करने पर महिला की गला घोंटकर हत्या कर शव को पंखे से लटका दिया गया तथा परिजनों को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस दो आरोपी जुनैद और आजम को पहले ही जेल भेज चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी मुरसलीन पत्नी जाकिर अली व इलमा पुत्री जाकिर अली को गांव मुंशीगंज के निकट बिजली घर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### भाकियू अंबावता के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने हनीफ

**रामपुर, अमृत विचार :** बरेली और मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचकर मंगलवार को भाकियू अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता से मिला। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोहम्मद हनीफ वारसी को प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। इनके अलावा बरेली के सोहेब इजहार खां को राष्ट्रीय महासचिव, सरदार निर्मल सिंह को बरेली का जिलाध्यक्ष बनाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 30 मार्च को बरेली में किसान महापंचायत होगी। महापंचायत में भारत और अमेरिका ने जो समझौता किया है किसान विरोधी है किसानों को कुचलने वाला है। कहा कि हर जिले में आंदोलन की रणनीति बरेली में बनेगी। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिकंदर, जावेद वारसी, हड़ताल सिंह यादव, मक्खन सिंह चौहान, मनिंदर सिंह चीमा, मनजोत सिंह, श्याम मोहन पांडेय आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष ने कहा कि पदाधिकारियों की घोषणा 24 मार्च को आंबेडकर पार्क में की जाएगी।



इबादत

मजार खुर्मो वाली मस्जिद में मुकम्मल हुआ कुरआन मजीद

# माह-ए-रमजान में नाजिल हुआ कुरान मजीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला राजद्वारा स्थित मजार खुरमो वाली मस्जिद में कुरान करीम मुकम्मल हुआ। जिसमें हाफिज सैयद अनस मियां ने कुरान सुनाया और सामां के फराइज हाफिज मोहम्मद रजा ने अदा किए। मस्जिद में डेढ़ सिपारा रोजाना सुनाया गया।

कुरआन मजीद की एक आयत की तफसीर बयान करते हुए हाफिज सैयद अनस मियां ने कह कि रमजान इबादत का महीना है इसमें अल्लाह की मुकद्दस किताब कुरआन मजीद नाजिल हुई है। इस माह की इस्लाम में बड़ी फजीलत है। माहे रमजान में मस्जिदों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। तकरीर में मौलाना ने कहा कि माहे रमजान बुरे आमालों को जलाकर खाक कर देने का महीना है। कहा कि इफ्तार कराने पर अल्लाह पिछले गुनाहों को माफ कर देता है। इफ्तार खजूर और पानी से भी कराया जा सकता है जरूरी नहीं कि इफ्तार कराने का बड़ा आयोजन कराया जाये रोजेदार को इफ्तार कराने के लिये उनको घर जाकर उनकी मदद की जाए। इफ्तार कराने से अल्लाह बेहद खुश होता है।

रोजा बंदे और अल्लाह के बीच एक राज है इसकी हर घड़ी रहमत और बरकत की है। इस माह में खैरात जकात खूब करें। कहा कि अहकाम शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद और झूठ बेईमानी से बचा जाए। शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने दुआ कराई। इस मौके पर सैयद खुर्रम मसरूर, सैयद तलत मियां, सैयद मुकर्रम मियां, फैजान खां, मौलवी सैयद दानिश महमूद, मौलवी माहिर खां, सैयद मशकूर मियां और नईम नजमी आदि मौजूद रहे।


कुरान मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

### रमजान में की गई इबादत को कुबूल करने के लिए अल्लाह से दुआ

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला घेर पूरन सिंह स्थित मजार हजरत मौलाना मुर्शिद मियां में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद अयान ने सुनाया और हाफिज मोहम्मद काशिफ ने कुरआन मजीद सुना। कुरान मजीद मुकम्मल होने के बाद लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर अल्लाह से रमजान माह में की गई इबादत को कुबूल करने की दुआ की गई।। इस मौके पर मशकूर खां, उर्फ शन्नू खां, बिट्टू खां, जकी खां, नवाज खां, शमीम मियां, मतलूब खां समेत काफी लोग मौजूद रहे।


गुलपोशी के बाद मौजूद हाफिज। ● अमृत विचार

### सात साल की आफिया शेरी ने रखा पहला रोजा

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला पुराना गज मगंल की पैंठ निवासी हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली की सात वर्षीय बेटी आफिया शेरी ने अपनी जिंदगी का पहला माह-ए- रमजानुल मुबारक का रोजा रखा। आफिया शैरी गुलशने रईस पब्लिक स्कूल की यूकेजी की छात्रा है। आफिया शेरी रोजा रखकर बहुत खुश हैं। रोज़ाना कुराने करीम की तिलावत भी सीख रही हैं और नमाजा भी सीख रही हैं। इस मुबारक मौके पर हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली ने अपने मुल्क में अमन व शांति और खुशहाली के लिए दुआ कराई।


आफिया शेरी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** चांदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को देवी मंदिर बिजनौर रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सनी पुत्र राधेश्याम (22) निवासी मोहल्ला जाटान, थाना कोतवाली जनपद बिजनौर अपने दोस्त आशू के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने सनी को मृत घोषित कर दिया। आशू की हालत गंभीर है।

### कथा में सुनाया कृष्ण जन्म का प्रसंग

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास मोहित भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव की कथा सुनकर मौजूद भक्त खुशी से झूम उठे।

# भूखी बच्ची के रोने पर क्लेश, महिला ने दी जान

## शव रहस्यमय तरीके से चारपाई के नीचे पड़ा मिला, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में अबोध बच्ची के रोने पर पति पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी का शव चारपाई के नीचे रहस्यमय हालत में पड़ी मिली। पति ने मामला आत्महत्या का बताया है, लेकिन हालात देखते हुए पुलिस संदिग्ध मान रही है।



मृतका राखी।



घटनास्थल पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी सत्येंद्र ने बताया कि राखी उसकी दूसरी पत्नी थी। उसके साथ उसने वर्ष डेढ़ वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव लुहारी खादर जहर निवासी बलवंत की पुत्री राखी से डेढ़ वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। मंगलवार सुबह राखी पड़ोसी में रहने वाली कल्लो चाची के घर पर चली गई थी।

- मृतका के पिता ने बेटी का मुंह देखने से भी किया इनकार

जबकि उसकी छह माह की बेटी भूखी रो रही थी। इसी को लेकर उसके और राखी के बीच विवाद होने लगा। इसके बाद वह डेयरी से दूध लेने के लिए चला गया। वापस आने पर देखा कि राखी ने फंदा लगा लिया और उसका शव चारपाई के नीचे पड़ा था। उसने यूपी 112 को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने मृतका के पिता बलवंत सिंह को सूचना दी, लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया।

### बच्चा न होने पर किया दूसरा विवाह

सत्येंद्र ने बताया कि उसकी पहली शादी संभल जिले के गांव सिकंदरपुर निवासी बबीता से 2022 में हुई थी। जब पहली पत्नी से बच्चा नहीं हुआ। तब उसने दूसरी शादी राखी से की थी। राखी की मौत के बाद सत्येंद्र का रो रोकर बुराहाल है। वहीं छह माह की बेटी मीनाक्षी भी मां को याद करके रो रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर कोतवाल एवं पुलिस बल। ● अमृत विचार

# एसआई भर्ती परीक्षा: 10 केंद्रों पर 19,584 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले में एसआई भर्ती परीक्षा 14 और 15 मार्च को आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा के लिए जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 19,584 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर 292 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्ट्रेट में डबल लॉक वाला स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहां 24 घंटे पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में प्रश्नपत्र रखे जाएंगे। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को आयोजित की जाएगी। दो दिन तक चलने वाली परीक्षा दो-दो पालियों में आयोजित होगी और प्रत्येक पाली में 4,896 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने शहर के करीब 10 किलोमीटर के दायरे में परीक्षा केंद्र निर्धारित किए हैं, ताकि सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था प्रभावी बनी रहे। परीक्षा के लिए एकेके इंटर कॉलेज, भगवत सरन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, आईएम इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू इंटर कॉलेज, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ब्लॉक-ए, जेएस हिंदू पीजी कॉलेज ब्लॉक-बी, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज और सिख इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र को अलग-अलग सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर सेक्टर में एक सेक्टर मजिस्ट्रेट और एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 10 स्टैटिक मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर रहेंगे। परीक्षा के दिन स्टैटिक मजिस्ट्रेट ही स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र प्राप्त कर संबंधित केंद्रों तक पहुंचाएंगे। पूरी प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। परीक्षा की निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा।

# औद्योगिक क्षेत्र में न्यूक्लियर मॉक ड्रिल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर के औद्योगिक क्षेत्र मंगलवार को स्थित तेवा एपीआई प्राइवेट लिमिटेड में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लियर विषय पर एक विस्तृत मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल गाजियाबाद के डिप्टी कमाण्डेन्ट अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम कमाण्डर हेमन्त मौर्या की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों में संभावित केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदाओं से निपटने के लिए कर्मचारियों, प्रबंधन एवं संबंधित विभागों को प्रशिक्षित करना तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम द्वारा विभिन्न परिदृश्यों का अभ्यास कराया गया, जिसमें रासायनिक रिसाव की स्थिति में त्वरित रेस्क्यू, प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, डीकंटैमिनेशन प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित निकासी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में इस प्रकार के मॉक ड्रिल कार्यक्रम आवश्यक हैं। इनके माध्यम से कर्मचारियों को आपदा के समय सही निर्णय लेने एवं त्वरित कार्रवाई करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जिससे संभावित जनहानि एवं नुकसान को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन आपदा विषेषज्ञ पवन शुक्ला द्वारा किया गया।



फैक्ट्री परिसर में करते मॉक ड्रिल। ● अमृत विचार

- तेवा एपीआई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ कार्यक्रम

# स्वयंसेवियों व स्टाफ ने पौधरोपण किया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** मंगलवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के चौथे दिन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के स्टाफ ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना हम सभी की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर योगेश त्यागी, डॉ. रूपा, शिवा सैनी, निसार अहमद, समरपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मौसम बदलते अस्पतालों में मरीजों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मौसम में एक दम से आए बदलाव के कारण बीमारियां बढ़ने लगी हैं। जिसके चलते जिले में वायरल बुखार, उल्टी-दस्त, टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अस्पताल में इस समय मरीजों की भरमार है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़कर करीब 1200 से अधिक तक पहुंच गई है। जिससे अस्पताल में भीड़ बढ़ने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार खांसी-जुकाम और वायरल बुखार के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

मार्च महीने में होली के बाद अचानक मौसम से बदलाव आया है। सुबह से ही तेज धूप और दोहपर में गर्मी लोगों का पसीना निकाल रही है। मौसम में बदलाव के कारण बीमारी बढ़ने लगी है। अस्पताल में बड़ी संख्या भीड़ पहुंच रही है।



जिला अस्पताल में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

पहले जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 800 से 900 मरीज आ रहे थे, लेकिन मौसम में बदलाव के बाद मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। मंगलवार को जिला अस्पताल में 1200 से अधिक मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। इनमें उल्टी-दस्त, टाइफाइड, खांसी-जुकाम और वायरल बुखार के मरीज अधिक हैं। चिकित्सको का कहना है कि मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव और खानपान में लापरवाही के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। खासकर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ और बासी भोजन खाने से पेट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल और शहर की सीएचसी-पीएचसी मिलाकर इस मौसम में प्रतिदिन करीब 3000 से अधिक मरीजों की ओपीडी हो रही है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने से कई बार लंबी कतारें भी लग रही हैं। कई मरीजों को वार्ड में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। डॉक्टरों ने लोगों को बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बाजार में खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें, तला-भुना और बासी भोजन न करें। इसके अलावा फ्रिज का ज्यादा ठंडा पानी पीने से भी परहेज करें। घरों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और रात में सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। जिला अस्पताल के सीएमएस एके भंडारी का कहना है कि यदि उल्टी-दस्त, तेज बुखार या लगातार खांसी-जुकाम की समस्या हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए, ताकि समय रहते उपचार किया जा सके।

- उल्टी, दस्त और टाइफाइड के भी बढ़े रोगी

# रामपुर तिराहा कांड से जुड़े मामले में निर्णय सुरक्षित

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की अस्मिता से जुड़े बहुचर्चित रामपुर तिराहा कांड (मुजफ्फरनगर कांड) के लंबित वादों की शीघ्र सुनवाई करने को लेकर दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई के बाद मंगलवार को पुनः निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता रमन शाह की याचिका पर न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। इससे पहले पीठ ने इसी मामले में पिछले साल 09 सितंबर, 2025 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था लेकिन 12 दिसंबर, 2025 को अदालत ने इसे आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया था। इसी क्रम में मंगलवार को याचिकाकर्ता, सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से अंतिम रूप से अपना पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता रमन साह ने बताया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने निर्णय सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में एकलपीठ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार से मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े सीबीआई कोर्ट में लंबित वादों की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े छह वाद देहरादून से मुजफ्फरनगर की सीबीआई अदालत को स्थानांतरित कर दिए गए हैं। दो मुकदमे विचाराधीन हैं जबकि दो वाद आरोपियों की मृत्यु के चलते शून्य हो गए हैं। दो मुकदमों से संबंधित फाइलें गायब हैं। इनमें मुजफ्फरनगर कांड के मुख्य आरोपी मुजफ्फरनगर के तत्कालीन जिलाधिकारी अनंत कुमार सिंह से जुड़ा मामला भी शामिल है।

- उत्तराखंड हाईकोर्ट की एकलपीठ ने की अंतिम सुनवाई
- याचिकाकर्ता, यूपी, उत्तराखंड सरकार व सीबीआई ने रखा पक्ष

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ एक युवक पर शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाने और विरोध करने पर पंचायत में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बड़ी पुत्री की शादी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान बेटी के देवर ने उसकी छोटी पुत्री को प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए। पीड़ित के अनुसार, करीब 10 दिन पूर्व आरोपी युवती को जबरन अपने घर ले गया। मंगलवार को जब गांव में इस मामले को लेकर पंचायत बैठी, तो आरोपी पक्ष ने शादी से साफ इनकार कर दिया और भरी पंचायत में गाली-गलौज करते हुए पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# हसनपुर में विकराल जाम की समस्या, लोग बेहाल



नगर के अमरोहा चौराहे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में जाम की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है और प्रतिदिन नगर के विभिन्न मार्गों पर जाम की समस्या के चलते यातायात प्रभावित होता है।

मंगलवार की दोपहर नगर के बाईपास मार्ग स्थित अमरोहा चौराहे पर भीषण जाम लग गया, जाम लगने के कारण मार्ग पर चारों तरफ वाहनों की लाइन लग गई, जिसके कारण घंटों यातायात प्रभावित रहा और नगर वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो पुलिस कर्मियों ने काफी मेहनत के बाद यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया। जब जाकर लगभग दो घंटे के बाद जाम खुल पाया। अमरोहा चौराहा, संभल बस स्टैंड, रहरा बस अड्डा सहित कई स्थानों पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। पूर्व में सामाजिक एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी द्वारा प्रशासन से जाम की समस्या का निस्तारण करने की मांग की गई थी। वही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि अमन कमेटी की बैठकों में कई बार जाम की समस्या का मुद्दा उठाया गया है लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं है।

# आईजीआरएस निस्तारण में अमरोहा पुलिस प्रथम

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अमरोहा पुलिस ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। फरवरी 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में अमरोहा जनपद लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही जिले के 12 थानों ने भी आईजीआरएस रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी जनसुनवाई समाधान पोर्टल (आईजीआरएस) के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं ऑनलाइन दर्ज कराते हैं। इन शिकायतों की समीक्षा स्वयं मुख्यमंत्री स्तर से हर माह की जाती है और उसी आधार पर जनपदों की मासिक रैंकिंग जारी की जाती है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि अमरोहा पुलिस द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके चलते फरवरी 2026 की जारी रैंकिंग में अमरोहा को प्रदेश में पहला स्थान मिला। इस रैंकिंग में जनपद को 125 में से पूरे 125 अंक प्राप्त हुए। एसपी ने बताया कि अधिकारियों और थाना प्रभारियों को आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते रहते हैं। साथ ही वे स्वयं भी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हैं। आईजीआरएस शाखा में तैनात प्रभारी कुमरेश त्यागी, आरक्षी सारुल चौहान, आरक्षी प्रशांत चौहान और आरक्षी प्रदीप चौधरी ने शिकायतों के निस्तारण में लगन और निष्ठा के साथ कार्य किया।

- एसपी के अनुसार समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया गया शिकायतों का निस्तारण


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पत्रांक :– 1497/ई–निविदा–मु0वृत्त/25–26 दिनांक :–28.02.2026

1 महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 13.03.2026 प्रातः 10 बजे से 20.03.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 20.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कॉलम 5 तथा 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है–

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| वर्ष 25–26 में अत्याधिक वर्षा होने के कारण जनपद के मार्ग अत्यन्त क्षतिर्गस्त हो गये है, जिस कारण अल्पकालिक निविदा निम्नानुसार आमन्त्रित की जा रही है। | | | | | | | |
| 1 | मुरादाबाद | पाकबड़ा मैनाठेर मार्ग से एस0एस0 स्कूल होकर ग्राम महलकपुर माफी तक मार्ग का नव निर्माण कार्य | 77.65 | 5.89 | 05 माह | 2354.00 | ''ए ,बी (मार्ग श्रेणी) |
| 2 | | गदईखेड़ा से हरपालनगर सम्पर्क मार्ग पर नवनिर्माण का कार्य। | 232.50 | 13.63 | 12 माह | 2354.00 | ''ए'' (मार्ग श्रेणी) |
| 3 | | दौलारी रेलवे फाटक से नबावपुरा तक मार्ग पर नवनिर्माण का कार्य | 172.55 | 10.63 | 12 माह | 2354.00 | ''ए ,बी (मार्ग श्रेणी) |
| 4 | | हुसैनपुर छिरावली से नानपुर तक मार्ग पर नवनिर्माण का कार्य। | 88.15 | 6.41 | 05 माह | 2354.00 | ''ए ,बी (मार्ग श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं–879(1)/23–7–2020 दिनांक 25–08–2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक–4650/4एन–एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

(मोहित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)
ई–मेल : semoradabad14@yahoo.com

UP - 247688 दिनांक: 09/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का समापन

**हसनपुर, अमृत विचार:** शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए बच्चों को पुनः स्कूलों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र चंदनपुर पर आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समारोह में शिक्षा जगत की कई महत्वपूर्ण विभूतियों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले इस सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड गंगेश्वरी क्षेत्र के लगभग 100 परिषदीय शिक्षकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह सहित वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, महताबउद्दीन, विजेंद्र सिंह, देवराज सिंह आदि लोग रहे।

# वार्षिकोत्सव व करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गांव चकनवाला स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि गजरौला महिला थाना प्रभारी प्रिया रानी तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होतीं। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी अपार प्रतिभा होती है, जिसे सही मार्गदर्शन और सुविधाओं के माध्यम से निखारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब के माध्यम से बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जुड़ने का अवसर मिलेगा और वे देश-दुनिया की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं महिला थाना प्रभारी प्रिया रानी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में विद्यालय के सात विद्यार्थियों के चयनित होने पर उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन नीरज निमल ने किया, जबकि अंत में प्रधानाध्यापक सुखदेव सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एआरपी सत्य प्रकाश गौतम, एआरपी रोहताश सिंह, एआरपी सुनील कुमार, फरमान अली, अंजलि त्यागी, दीपेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, अनिल कुमार, परवीन सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं एसडीएम। ● अमृत विचार

- मुख्य अतिथि ने कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन

# मिट्टी की ढांग में दबकर मजदूर की मौत, तीन लोग घायल

## बहजोई थाना क्षेत्र में किसौली के निकट मिट्टी के खनन के दौरान ढह गई ढांग, मची अफरा तफरी, ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल भेजा

कार्यालय संवाददाता,संभल/कैला देवी

**अमृत विचारः** बहजोई थाना क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान अचानक मिट्टी की ऊंची ढांग भरभराकर गिर गई, जिससे दो मजदूरों समेत चार लोग दब गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक मजदूर की मौत हो चुकी थी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बहजोई क्षेत्र में किसौली और रफीपुर गांव के बीच देवी मंदिर मढ़ी के आसपास पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक खनन करने वालों ने यहां का लगभग पूरा टीला खोद डाला है, जिसके कारण कई जगह ऊंची-ऊंची ढांगें बन गई हैं। इन्हीं ढांगों के नीचे ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी कर मजदूरों से मिट्टी खुदवाकर ट्राली में भरवाई जा रही थी। मंगलवार को करीब साढ़े 11 बजे मजदूर एक बड़े मिट्टी के टीले के नीचे ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर मिट्टी की खुदाई कर रहे थे और ट्राली में मिट्टी भरने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक मिट्टी की भारी ढांग भरभराकर गिर पड़ी। वहां काम कर रहे बुद्धसैन निवासी किसौली, सुनील , प्रेमपाल और बच्चू मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने फावड़ों और हाथों से मिट्टी हटाकर दबे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी देर तक चले राहत कार्य के बाद चारों मजदूरों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बुद्धसैन की मौत हो चुकी थी। जबकि सुनील, प्रेमपाल और बच्चू गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को निजी वाहनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।



हादसे की जगह पर ढांग के नीचे खड़ी ट्राली। ● अमृत विचार



हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

- कई महीनों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा मिट्टी का खनन
- तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी पहुंचे

घटना की सूचना मिलने पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। चंदौसी तहसीलदार रवि सोनकर, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार और थाना प्रभारी संत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने ग्रामीणों से घटना के संबंध में पूछताछ भी की। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का काम चल रहा है, जिसके कारण इस तरह के हादसे होने का खतरा बना रहता है।

### ग्रामीणों का हंगामा,अवैध खनन को संरक्षण के आरोप

**संभल, अमृत विचार :** खनन के दौरान ढांग गिरने से युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन चल रहा है और यह सब पुलिस-प्रशासन के संरक्षण में हो रहा है। अवैध खनन की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई थी, इसके बावजूद खनन का कार्य लगातार जारी रहा।दो दिन पहले गांव में हल्का लेखपाल भी पहुंचे थे और मौके का निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद भी खनन पर कोई रोक नहीं लगाई गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व प्रधान के बेटे सतपाल ने अपने खेत की मिट्टी बेची थी, जिसके बाद वहां लगातार ट्रैक्टर-ट्रालियों से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। इसी दौरान ऊंची ढांग बन गई थी। मृतक के चाचा रामवीर प्रजापति ने बताया कि मंदिर के बाबा ने भी इस अवैध खनन की शिकायत की थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने अवैध खनन पर रोक लगाई होती तो यह हादसा टल सकता था।



युवक की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### न्यूज ब्रीफ

#### महिलाओं को सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** जनपद सम्भल पुलिस द्वारा 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान पंपलेट बांटकर वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, एम्बुलेंस 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताया गया। साथ ही मोबाइल के पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की जानकारी देकर महिलाओं को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

#### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में राष्ट्रीय एकता पर दिया ज़ोर

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज की प्राचार्या ने कहा राष्ट्रीय एकता किसी भी देश की प्रगति की आधारशिला होती है। विविधता में एकता ही भारत की असली पहचान है। विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के बंधनों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

#### मेले की भीड़ में वृद्धा की चेन चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** बगियावाली देवी मंदिर में लगे मेले में गोपाल मोहल्ला निवासी पुष्पा रानी मेले में पूजा-अर्चना और जात लगाने के लिए पहुंची थीं। भीड़ के बीच मूंछों वाले शिव मंदिर के पास उनकी गले की चेन अचानक गायब हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मेले में पहले से ही आभूषण पहनकर न आने की घोषणा की जा रही थी। पुलिस जानकारी कर रही है।

# कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर उठाई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने गन्ना मिलों, ईंट भट्टों और टायर फैक्ट्रियों से फैल रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही जिले में अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाने और भू-माफियाओं द्वारा ग्राम पंचायतों की जमीनों व तालाबों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की मांग भी उठाई। जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह यादव ने कहा कि गन्ना मिलों और अवैध रूप से संचालित ईंट-भट्टों से क्षेत्र में लगातार प्रदूषण फैल रहा है, जिससे किसानों और आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायतों के तालाबों पर भू-माफियाओं के कब्जों को हटाने, नकली सरसों का तेल बनाने और बेचने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा थाना कैलादेवी क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग की।



बहजोई में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भाकियू शंकर ने प्रदर्शन कर की समाधान की मांग

उन्होंने किसौली में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि अवैध खनन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए। यह प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो किसान महापंचायत बुलाकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।जिला महामंत्री भुवनेश कुमार ने किसानों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आलू की फसल का मूल्य मात्र 100 रुपये प्रति कट्टा मिल रहा है, जबकि मजदूरों की दिहाड़ी 400 से 500 रुपये तक पहुंच गई है।

## झारखंडी महादेव मंदिर मार्ग के निर्माण की मांग

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली क्षेत्र के ग्राम गुमसानी स्थित प्राचीन झारखंडी महादेव शिव मंदिर तक मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से झारखंडी महादेव शिव मंदिर तक जाने वाला मार्ग लंबे समय से जर्जर है। बरसात के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुराना है, जहां हर वर्ष महाशिवरात्रि और सावन माह में दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में खराब सड़क के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में दिक्कत होती है। ज्ञापन देने वालों में ब्रजपाल सिंह, सुखबीर सिंह, मनोज प्रजापति, हर्षित सागर, प्रमोद चंद्रा, बाबूराम आदि रहे।

# लोक अदालत का उद्देश्य आम लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार :** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन और व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर मंगलवार को जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल की अध्यक्ष डॉ. विदुषी सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह तथा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों और बैंक शाखा प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक में लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों के त्वरित और सरल निस्तारण पर जोर दिया गया। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य आम नागरिकों को सुलभ और शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। इस दौरान राजस्व मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, श्रम विवाद, बैंक ऋण संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारियों और बैंक प्रबंधकों को अधिक से अधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, एसडीएम चन्दौसी आशुतोष तिवारी, एसडीएम संभल निधि पटेल, एसडीएम गुन्नौर अवधेश कुमार, तहसीलदार रवि सोनकर सहित कई अधिकारी व बैंक प्रबंधक उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव दीपक कुमार जायसवाल ने दी।



राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को मंथन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- जिला जज, अधिकारियों व बैंक प्रबंधकों की बैठक में हुआ मंथन

# नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की मांग

- डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को दिया

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने अलविदा जुमा और ईद के मौके पर नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराए जाने की अनुमति मांगी है। इस संबंध में उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा और एसडीएम सदर निधि पटेल को सौंपा।

ज्ञापन में कहा सावन माह में प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई जाती है। सरकार का नारा 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय भी उम्मीद करता है कि सरकार उनके धर्म और धार्मिक आयोजनों का भी सम्मान करेगी। फिरोज खां ने कहा कि वर्तमान में पवित्र रमजान का महीना चल रहा है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे एक माह रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं। मांग कि अलविदा जुमा के दिन शाही जामा मस्जिद संभल और ईद-उल-फितर के दिन ईदगाह पर नमाजियों पर शासन के खर्च पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई जाए। यह भी कहा कि यदि शासन इस कार्य को अपने खर्च पर कराने में असमर्थ रहता है, तो वह स्वयं अपने खर्च पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराने को तैयार हैं। इस दौरान जाहिद खां, मोहम्मद शान, मौलाना नासिर, गुलाम मुस्तफा, बिलाल खां, आरिफ खां, जबर सिंह यादव, रामरहीस गौरव, फैजान शाही, निसार सैफी, कासिम मियां आदि मौजूद रहे।



संभल में एसडीएम व एडीएम को ज्ञापन देते सपा नेता। ● अमृत विचार

# मुख्यमंत्री को दिया एसपी केके बिश्नोई ने शादी का न्यौता

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के पिता चौधरी सुजानाराम और माता गंगा देवी ने गोरखपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बेटे की शादी का निमंत्रण पत्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने भी शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की।

संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और बरेली की पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा जल्द ही विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। विवाह से जुड़े सभी कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित किए जाएंगे। 27 मार्च को राजस्थान के बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना गांव में हल्दी और संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। 29 मार्च को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह होगा।



मुख्यमंत्री को शादी का निमंत्रण पत्र देते माता पिता व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

### न्यूज डायरी

#### भाकियू अराजनैतिक ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**चंदौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों व किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों से जुड़ी कई समस्याओं के समाधान की मांग की। किसानों ने बताया कि आलू उत्पादक किसान खराब मौसम, झुलसा रोग, नकली खाद और कोल्ड स्टोरेज मालिकों की मनमानी से परेशान हैं। उन्होंने सरकार से आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार रुपये प्रति कुंतल घोषित कर सरकारी खरीद शुरू करने की मांग की। ज्ञापन में चन्दौसी तहसील के कई गांवों में वर्ष 2004 से लंबित चकबंदी कार्य को शीघ्र पूरा कराने की भी मांग की गई। इसके अलावा स्कूलों में मिड-डे मील राशन में गड़बड़ी की जांच, जर्जर रास्तों व नालियों की मरम्मत, आधार कार्ड त्रुटियों को ठीक करने के लिए गांवों में शिविर लगाने और बहजोई मंडी में बैंक शाखा खोलने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन के दौरान कई किसान मौजूद रहे।





#### नव संवत्सर के उपलक्ष्य में 19 को निकलेगी प्रभात फेरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर मंगलवार को महानगर की सभी आर्य संस्थाओं और अनुसांगिक संगठनों की बैठक में नव संवत्सर पर महानगर मे निकलने वाली प्रभातफेरी की तैयारी पर चर्चा हुई। बताया गया कि प्रभात फेरी 19 मार्च को सुबह 5 :00 बजे से आर्य समाज मंण्डी बांस से प्रारंभ होकर मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, कोतवाली, बाजार गंज, गुरहट्टी, गुरु गोबिंद सिंह चौक, गुलज़ारीमल की धर्मशाला, बुद्ध बाजार चौक से आर्य समाज स्टेशन रोड पर आकर संपन्न होगी। प्रभात फेरी में शामिल होने वाले भारतीय परिवेश में आएंगे। बैठक की अध्यक्षता कपिल मुनि और संचालन मंत्री एडवोकेट रमेश सिंह आर्य ने किया। बैठक में वीके अग्रवाल, लोकेश आर्य, प्रदीप विश्नोई, राकेश भटनागर, दिनेश विश्नोई, दिनेश दीक्षित, संतोष कुमार गुप्ता, वेद मुनि, उमेश आर्य, प्रज्ञाशु आर्य, संजय आर्य, आदि मौजूद रहे।

#### इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर विवाद,थाने में शिकायत

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर शिकायत दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। चंदौसी के थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी अनमोल खटीक द्वारा इंस्टाग्राम पर सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पोस्ट की गई है। मंगलवार को भीम आर्मी के तहसील चंदौसी अध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता थाना बनियाठेर पहुंचे और थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अनमोल खटीक ने सोशल मीडिया पर सांसद चंद्रशेखर आजाद के लिए जातिसूचक शब्दों और अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मां की। शिकायती पत्र पर नदीम मलिक, दिलशाद, अभिषेक, मोंटू, रिंकू, रविंद्र सिंह समेत कई लोगों के हस्ताक्षर किए।

#### शिविर में आपदा को लेकर किया गया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय पतरऊआ में विशेष सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत और डॉ. प्रियंका के निर्देशन में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. कोमल जुगलान व विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता ठाकुर ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना और प्रेरक गीत प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता डॉ. कोमल जुगलान ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका ने किया तथा आभार डॉ. शीतल गहलोत ने व्यक्त किया।



# हजरत अली की शहादत पर तीन दिन का शोक

कार्यालय संवाददाता,संभल/सिरसी

**अमृत विचारः** कस्बा सिरसी में हजरत अली की शहादत की याद में शिया समाज द्वारा तीन दिन का शोक मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न मस्जिदों और इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन किया गया, जिनमें उलेमाओं ने हजरत अली के फजाइल और मसाइब बयान किए। मजलिस सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं और पूरे माहौल में गम का माहौल दिखाई दिया।

मोहल्ला चौधरियान स्थित मस्जिद हजरत अली में आयोजित मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना एहतेशाम अली नकवी ने कहा कि हजरत अली ने हमेशा मजलूमों, बेसहारा लोगों, यतीमों, गरीबों और बेवाओं की मदद की। उन्होंने कहा कि हजरत अली की पूरी जिंदगी इंसानियत, न्याय और सत्य की रक्षा के लिए समर्पित रही। उनके जीवन से लोगों को इंसाफ, भाईचारे और मानवता की सीख मिलती है। मौलाना ने बताया कि 19 रमजान की सुबह कूफा की मस्जिद में नमाज अदा करते समय इब्ने मुलजिम नामक हमलावर ने जहर में डूबी तलवार से उनके सिर पर वार कर दिया था। इस हमले के बाद 21 रमजान को उनकी शहादत हो गई थी। इस घटना का जिक्र होते ही मजलिस में मौजूद अजादारों की आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने गम का इजहार किया। हजरत अली की शहादत की याद में शिया समाज के लोगों ने काले कपड़े पहनकर शोक व्यक्त किया। वहीं कस्बे की कई मस्जिदों और इमामबाड़ों में मजलिसों के साथ शबीए ताबूत भी निकाले गए। इस दौरान मस्जिद माकूफा, मस्जिद इमाम रजा, मस्जिद हिलाल सहित अन्य मस्जिदों से भी हजरत अली के शबीए ताबूत निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और गमगीन माहौल में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



सिरसी में मातमी जुलूस निकालते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

- मजलिस सुनकर अजादारों की आंखे हुई नम

## होली मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचारः** श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज भटनागर के आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करना था। एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली और शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पंकज भटनागर ने कहा कि अप्रैल महीने में समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। समिति के साप्ताहिक कार्यक्रम घर-घर हनुमान चालीसा के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में रानू रस्तोगी, बबलू पाल, मुकुल अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, मोहित सुशील अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, लखपत सैनी, रूप किशोर सैनी, प्रमोद अग्रवाल, मनोज त्यागी, मनोज कुमार शर्मा, जय अग्रवाल, सौरभ उर्फ दीपू गुप्ता, आदि लोग रहे।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 की नई नीति मंजूर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास (एएचपी) और किफायती किराया आवास (एआरएच) घटकों के क्रियान्वयन के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को शहरों में किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं परियोजनाओं में शामिल डेवलपर्स को भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, मानचित्र स्वीकृति शुल्क और वाह्य विकास शुल्क में छूट दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी।

किफायती किराया आवास (एआरएच) मॉडल-2 के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों तथा ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के परिवारों के लिए निजी व सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास विकसित किए जाएंगे।



यूपी कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### मंत्रिपरिषद से पास अन्य प्रमुख प्रस्ताव

- निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत बड़े निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन
- उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली-1975 में संशोधन
- टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति-2022 में संशोधन
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी परियोजनाओं का विस्तार
- उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- खनिजों की ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म प्रदाता नामित
- यूपी क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े शुल्क निर्धारण संशोधन
- यूपी पावर कॉरपोरेशन को ऋण सुविधा की स्वीकृति
- पीएसी के लिए 46 नए वाहनों की खरीद
- लखवार और रेणुका बांध परियोजनाओं में यूपी के अंशदान को मंजूरी
- भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम में संशोधन
- अयोध्या में सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण
- जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए अतिरिक्त राज्यांश की स्वीकृति

### कांशीराम आवासों से हटेगा अवैध कब्जा

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिसूचित न होने के बावजूद कैबिनेट में कांशीराम आवास योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के तहत बने आवासों पर अनधिकृत कब्जे हटाकर उन्हें मरम्मत के बाद पात्र दलित परिवारों को पुन: आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

### कर्मचारियों के निवेश व संपत्ति नियम सख्त

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली-1956 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। अब यदि कोई कर्मचारी छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश करता है तो इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने पर भी सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा।

### आठ नए शहरों को पहले चरण में 425 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों के विकास के लिए 425 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए नए शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करना तथा लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए सीड कैपिटल के रूप में यह धनराशि जारी की जाएगी। योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले खर्च का अधिकतम 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराती है, जिसे अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए कुल 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से पहले चरण में 425 करोड़ जारी किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### उप्र. उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी

**अमृत वितार, लखनऊ :** यूपी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली, 1975 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (अठारहवां संशोधन) नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके तहत भर्ती, कोटा और चयन प्रक्रिया से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। संशोधन के अनुसार भर्ती के स्रोत से जुड़े नियम-5, कोटा से संबंधित नियम-6, चयन प्रक्रिया से जुड़े नियम-18, पदोन्नति से संबंधित नियम-20, नियुक्ति से जुड़े नियम-22 और परिशिष्ट-1 में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी। वहीं सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें वही सिविल जज शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने उस पद पर कम से कम तीन साल की सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में कम से कम सात साल की सेवा पूरी की हो। इसके अलावा अधिवक्ताओं (बार) से सीधी भर्ती का कोटा पहले की तरह 25 प्रतिशत ही रहेगा।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या के चक नंबर-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि के सात गाटा नंबर (1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 मि. और 1035) कुल लगभग 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को अयोध्या म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यह भूमि कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नगर निगम अयोध्या को नि:शुल्क आवंटित की जाएगी।

### मेरठ में बनेगा समेकित विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिमंडल बैठक में अटल औद्योगिक आधारभूत संरचना मिशन के तहत जनपद मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के लिए आधारभूत विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। इन कार्यों पर लगभग 213.81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) द्वारा विकसित एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे) के किनारे 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेरठ नोड में सड़क निर्माण, आरसीसी नालियां, आरसीसी कल्वर्ट, अग्निशमन केंद्र, भूमिगत जलाशय, जलापूर्ति लाइन, घेराबंदी, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक औद्योगिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा।

# विकास प्राधिकरणों के डिफॉल्टरों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18,982 डिफॉल्टर मामलों में 11,848.21 करोड़ रुपये का बकाया

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया राशि की वसूली करना और डिफॉल्टर आवंटियों को बकाया चुकाने का अवसर देना है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि विभिन्न विकास प्राधिकरणों और संबंधित संस्थाओं में संपत्तियों से जुड़े 18,982 डिफॉल्टर मामलों में करीब 11,848.21 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े 545 मामलों में लगभग 1,482.10 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इन बकाया रकम की वसूली के लिए ओटीएस योजना लाई गई है। योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक और अन्य आवंटित संपत्तियों के साथ नीलामी या आवंटन पद्धति से दी गई संपत्तियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों, स्कूलों, चैरिटेबल संस्थाओं और अन्य संगठनों को आवंटित संपत्तियां तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर मामले भी योजना के दायरे में आएंगे।

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना के लिए आवेदन की अवधि तीन माह होगी और प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था के अनुसार 50 लाख रुपये तक की देय राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और शेष दो-तिहाई तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी दो-तिहाई तीन द्विमासिक किस्तों में छह माह के भीतर जमा करना होगा।

सरकार का मानना है कि इस योजना से डिफॉल्टरों को राहत मिलेगी और विकास प्राधिकरणों व आवासीय संस्थाओं की बड़ी राशि की वसूली संभव हो सकेगी।

## राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026" को मंजूरी दे दी गई।

- शिकायत निस्तारण और निगरानी तंत्र होगा और प्रभावी

नई नियमावली लागू होने के बाद राज्य और जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य और जिला स्तर पर परिषदों का गठन किया जाता है, जो उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों, शिकायतों और नीतिगत सुझावों पर सरकार को सलाह देती हैं। नई नियमावली के माध्यम से परिषदों के गठन, सदस्यों की नियुक्ति, बैठक की प्रक्रिया और कार्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। नियमावली के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद की अध्यक्षता राज्य सरकार द्वारा नामित मंत्री करेंगे, जबकि परिषद में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सदस्य शामिल किए जाएंगे।

# ग्रीनपार्क के शुल्क की नई दरें तय

## यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के साथ लीज अनुबंध में संशोधन को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले कुछ क्रिकेट आयोजनों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन करते हुए प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के साथ हुए 30 वर्षीय लीज अनुबंध में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत यूपी टी-20 लीग के लिए प्रति मैच प्रतिदिन 2.50 लाख रुपये और भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिदिन शुल्क तय किया गया है।

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन शुल्कों में हर पांच वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस संशोधन से ग्रीनपार्क में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और उभरते खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकेंगे। ग्रीनपार्क स्टेडियम को अप्रैल 2015 के शासनादेश के तहत यूपीसीए को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया था। उस समय हुए अनुबंध में प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित यूपी टी-20 लीग या भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए शुल्क का स्पष्ट प्रावधान नहीं था।

इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने कानपुर मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने 30 दिसंबर 2025 को अपनी रिपोर्ट में इन आयोजनों के लिए अलग शुल्क निर्धारित करने का सुझाव दिया था। सरकार ने खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूपी टी-20 लीग के लिए 2.50 लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क तय किया है, जो अन्य आयोजनों के लिए निर्धारित 25 लाख रुपये के शुल्क की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत कम है। वहीं भारत-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### कानपुर में गंगा पर नए सेतु के निर्माण को 460 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में कानपुर में गंगा नदी पर नया सेतु बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह सेतु ट्रांसगंगा सिटी को शहर से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया जाएगा। परियोजना का निर्माण अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कराया जाएगा। प्रस्तावित परियोजना के तहत गंगा नदी पर चार लेन का उच्च स्तरीय पुल तथा उससे जुड़े पहुंच मार्गों का निर्माण किया जाएगा। जिस स्थान पर यह सेतु बनाया जाएगा, वहां उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) ट्रांसगंगा सिटी विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर और आसपास की कई औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित करने की योजना है। परियोजना की कुल लागत लगभग 753.13 करोड़ निर्धारित की गई है। इसमें से 460 करोड़ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष राशि संबंधित प्राधिकरण अपने संसाधनों से खर्च करेगा।

# उच्च शिक्षा के शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से प्रदेश के दो लाख से अधिक शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, जिसे अब कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक और राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। योजना के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी सरकारी और संबद्ध निजी अस्पतालों में नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## 215 करोड़ के निवेश से मेडिकल डिवाइस पार्क को मिलेगी गति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने टीआई मेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भूमि सब्सिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कंपनी गौतमबुद्ध नगर में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 215.20 करोड़ रुपये का निवेश कर चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना राज्य की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत प्रस्तावित है।

# सिखों के विवाह पंजीकरण के लिए नई नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में सिख समुदाय के विवाह पंजीकरण को सरल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आनंद विवाह रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई। नई नियमावली के लागू होने से सिख धर्म में प्रचलित आनंद कारज विवाह का पंजीकरण अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत आसानी से कराया जा सकेगा।

यह नियमावली आनंद मैरिज एक्ट-1909 (संशोधित 2012) की धारा-6 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त अधिकारों के आधार पर बनाई गई है। साथ ही यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट में दायर अमनजोत सिंह चड्ढा बनाम भारत संघ व अन्य मामले में 4 सितंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण की व्यवस्था तहसील से लेकर राज्य स्तर तक तय की गई है। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को रजिस्ट्रार, जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को जिला रजिस्ट्रार, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त को मंडलीय रजिस्ट्रार और राज्य स्तर पर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ को मुख्य रजिस्ट्रार नामित किया जाएगा।

विवाह के पक्षकार या उनके रिश्तेदार विवाह संपन्न होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 1500 रुपये के न्यायालय शुल्क स्टाम्प के साथ आवेदन देना होगा। निर्धारित समय के बाद भी आवेदन किया जा सकेगा, लेकिन इसके लिए नियमानुसार विलंब शुल्क देना होगा। नियमावली में अपील की व्यवस्था भी की गई है।

# दो राष्ट्रीय सिंचाई परियोजनाओं में 717.11 करोड़ खर्च करेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखवार और रेणुकाजी बांध परियोजनाओं में यूपी की हिस्सेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं लखवार बहुउद्देशीय परियोजना और रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की वित्तीय हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई। इन दोनों परियोजनाओं में राज्य सरकार कुल 717.11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। कैबिनेट ने उत्तराखंड के देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिले में यमुना नदी पर बन रही लखवार बहुउद्देशीय परियोजना में उत्तर प्रदेश के हिस्से के रूप में 356.07 करोड़ रुपये खर्च करने को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के तहत 204 मीटर ऊंचा बांध, 300 मेगावाट क्षमता का भूमिगत बिजलीघर और बैराज का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना से लाभार्थी राज्यों के लगभग 33,780 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गिरी नदी पर बन रही रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी के रूप में 361.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना में 148 मीटर ऊंचा बांध बनाया जा रहा है और इससे 40 मेगावाट बिजली उत्पादन भी प्रस्तावित है।

इन दोनों राष्ट्रीय परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश को कुल 3.721 बीसीएम अतिरिक्त जल प्राप्त होगा।

समीक्षा

परियोजनाओं में समयसीमा, गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री

# एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि खरीद में लाएं तेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रस्तावित और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि क्रय प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।



समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे और जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिजवे निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर एक्सप्रेस-वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार किया जाए। साथ ही मेरठ से हरिद्वार तक इसके संभावित विस्तार पर भी कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जून माह तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपॉवर लगाने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया।

# नोएडा एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम योगी को सौंपा गया दस्तावेज जल्द तय होगी उद्घाटन तिथि

**अमृत विचार:** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस उन्हें प्रस्तुत किया।

एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी दी। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ अब एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों के अनुसार एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम फिलहाल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह अंतिम मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।

## 6500 से अधिक संविदा चालकों-परिचालकों की भर्ती इसी माह : दयाशंकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत से संविदा पर 3060 चालकों एवं 3614 परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती की कार्यवाही शुरू है। चालकों परिचालकों की भर्ती से बसों के संचालन में और सुधार होगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि संचालन में सुधार लाया जाए। जिन क्षेत्रों में बसों के संचालन में एवं आय में कमी की शिकायत पायी जाएगी, उस क्षेत्र के आरएम/ एआरएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
बुधवार, 11 मार्च 2026





मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।
**-विनोवा भावे**, संत

# तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

## प्रसंगवश

# दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।



अतुल गोयल
लेखक

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कपंनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

## आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।
**-डोनॉल्ड ट्रंप**
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।
**-मोजतबा खामेनेई**
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।

बीएन थॉट
ब्लॉगर

न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और



परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

**अनोखी परंपरा**

## तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम



राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

**आर्ट गैलरी**

## हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

**लोकायन**

## कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





## प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों – विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास – पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं। कंपनी ने बताया कि उसका लक्ष्य 2030 तक 55 प्रतिशत वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है।कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के नियमों के तहत लाया जा रहा है।

### गुजरात में उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50% कटौती

**अहमदाबाद।** पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुजरात सरकार ने घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को होने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी घर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी न हो। उन्होंने कहा कि गैस की घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तथा उर्वरक और दूध प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत कटौती की गई है।

### 22% बढ़ा जनवरी-फरवरी में चीन का निर्यात

**हांगकांग।** अमेरिका के साथ व्यापार में कमी आने के बावजूद चीन का निर्यात वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर लगभग 22 प्रतिशत बढ़ गया। चीन के सीमा शुल्क प्रशासन की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी–फरवरी 2026 की अवधि में चीन का आयात लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा, जबकि दिसंबर में यह वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। अमेरिका से चीन के आयात में सालाना आधार पर लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इस अवधि में निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से अधिक रही। यह दिसंबर में दर्ज 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से काफी ज्यादा है। अमेरिका के साथ तनाव के बावजूद चीन का निर्यात बढ़ना उसकी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माना जा रहा है।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।




इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

## निफ्टी भी 233.55 चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।



सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

**मुंबई, एजेंसी**

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक शृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

# बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ''ग्राउंड रेंट'' कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को 'ड्वेल टाइम' कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले 'रीफर' (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

अच्छी खबर

रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

# अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।



क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

# 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

# सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ''प्राथमिकता क्षेत्र-2'' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।



मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।



"मुझे अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। मंगलवार को पटना लौटने पर इशान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी बेहतर खेलते रहेंगे और जीतेंगे भी। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं। -इशान किशन

# स्टेडियम

मुरादाबाद, बुधवार, 11 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**हाईलाइट**

### गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद, एजेंसी :** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।



फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतर्राष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं।

### अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, एजेंसी :** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के



अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

### मैनचेस्टर सिटी-लिवरपूल आमने-सामने होंगे

**लंदन, एजेंसी :** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा।

## विश्व कप फुटबॉल स्थगित करना आसान नहीं: शिर्गी

**डलास, एजेंसी**

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा कि अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही। विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।

## सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय) क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ



- टूर्नामेंट में संजू ने भारत के नौ में से पांच मैच ही खेले

में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार हासिल किया था उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई

## पुरस्कार की राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ व सहयोगी स्टाफ को मिलेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की।यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विशेष बोनस के रूप में 131 करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि घोषित की है। यह राशि आईसीसी की ओर से प्रदत्त लगभग 27.48 करोड़ रुपये (30 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि के अतिरिक्त है।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है।

सूत्रों के अनुसार15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपये



टी-20 विजेता भारतीय टीम की बल्ले-बल्ले। जीत के साथ साथ खिलाड़ियों के चेहरे पर झलक रही ईनाम पाने की खुशी। ● एजेंसी

सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है । भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है। भारत ने खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किये। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाकर किसी एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी

**वेलिंगटन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने मंगलवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच सदस्यों को शरण दी है, जो ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए देश का दौरा कर रही थीं। ऑस्ट्रेलिया में ईरानी समूहों और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से उन महिलाओं की मदद करने का आग्रह किया था, जो सार्वजनिक रूप से शरण नहीं मांग पा रही हैं।

टीम की खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती मैच से पहले ईरान का राष्ट्रगान नहीं गाया था जिसके बाद कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थी और इसे मीडिया में भी काफी कवरेज मिली थी। स्थानीय समयानुसार मंगलवार तड़के ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस ने शरण के लिए आवेदन करने वाली पांच महिलाओं को उनके होटल से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बर्क ने कहा कि मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि प्रत्येक महिला के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल रहा होगा लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। बर्क ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में एक नया जीवन शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी। उसकी टीम टूर्नामेंट से जल्द बाहर हो गई थी।



ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वालीं ईरान की पांच फुटबॉलर। एजेंसी

## एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा : सूर्यकुमार

**मुंबई, एजेंसी**

**भारत** को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के दो दिन बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह देश को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर है जबकि भारत ने यह खिताब अपने नाम किया। वह अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बन गई है।

अहमदाबाद से लौटने के तुरंत बाद सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पीटीआई वीडियो से कहा कि 2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा कि उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा। रोहित



उस समय कप्तान थे जब भारत ने जून 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था।

कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था, जो देश के लिए पहला बड़ा खिताब था। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले धोनी से बात की थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने टूर्नामेंट से पहले उनसे (धोनी) मुलाकात की थी और उन्होंने मुझे आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का तरीका बताया था। उन्होंने कहा था कि हमारी टीम अच्छी है, हमें बस हिम्मत रखनी होगी और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। जीत के बाद उनकी प्रतिक्रिया शानदार थी। पूरा भारत इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है। भारतीय टीम ने भी रविवार की पूरी रात को जश्न मनाया।

सूर्यकुमार ने कहा कि विश्व चैंपियन बनने के बाद उस रात हमने जो जश्न मनाया काश उसे मैं सबके साथ साझा कर पाता। हमने बहुत अच्छा समय बिताया और हम सुबह आठ बजे तक जागते रहे। सूर्यकुमार को अब 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का इंतजार है।

### आईसीसी की बैठक रद्द हुई

**दुबई, एजेंसी :** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फ़ाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ये बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफ़िकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं।

## रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा भावुक पोस्ट, पिता को किया याद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है।

रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था। बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। रिंकू ने



पिता के साथ रिंकू सिंह। (फाइल फोटो)

इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की कोशिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि ज़िंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी ज़रूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फ़र्ज़ सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते। हर छोटी बड़ी ख़ुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज़्यादा। टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए। इस साल अब तक खेले गए 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रिंकू ने आठ पारियों में 115 रन बनाए हैं।

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

**मेलबर्न, एजेंसी:** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है।

टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।

**तैयारी**

**चोट और थकान से उबरने के बाद रणनीति पर फिर से कर रहे विचार**

## लक्ष्य सेन का ध्यान अब बड़े टूर्नामेंटों पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मिली शिकस्त से थोड़े निराश भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्वीकार किया है कि आधुनिक पुरुष एकल मुकाबलों की बढ़ती शारीरिक मांगों के कारण उन्हें अपनी रिकवरी (चोट और थकान से उबरने की प्रक्रिया) और तैयारी की रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। लक्ष्य दूसरी बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे।

उन्होंने बर्मिंघम में शारीरिक तौर पर थका देने वाले सप्ताह के दौरान कई कड़े और अधिक समय वाले मुकाबले खेले। उन्हें फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के इस 24 साल के खिलाड़ी ने कहा कि कुल मिलाकर यह सप्ताह अच्छा लेकिन भावनात्मक रहा। दूसरी बार फाइनल



एक मैच में शटल को रिटर्न करते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

में पहुंचकर भी खिताब नहीं जीत पाना मैच के बाद थोड़ा निराशाजनक लगता है। पूरे टूर्नामेंट को देखें तो कुछ अच्छी जीत मिलीं, अच्छा अभियान रहा और जिस तरह मैंने मैच खेले, उससे आने वाले टूर्नामेंटों के लिए उम्मीदें बनी हैं।

लक्ष्य ने इस सप्ताह कोर्ट पर पांच घंटे से अधिक समय बिताया। इसमें एक बेहद कठिन सेमीफाइनल भी शामिल था। इस मुकाबले में उन्हें गंभीर ऐंठन से जूझना पड़ा। इसके बाद फाइनल में उन्हें करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मैच और टूर्नामेंट अब बहुत ज्यादा शारीरिक हो गए हैं और उम्र के साथ भी फर्क पड़ता है। मेरा मतलब है कि अब मैं 20 साल का नहीं रहा कि उतनी तेजी से रिकवर कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि मेरी उम्र काफी बढ़ गयी है, लेकिन तैयारी, अगले मैचों के लिए रिकवरी और खासकर डाइट (आहार) को लेकर बदलाव करने पड़ते हैं। जब मैं 21-22 साल का था तो जो भी खाता था, उससे वजन नहीं बढ़ता था। इस सत्र में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को प्रमुख आयोजन बताते हुए लक्ष्य ने कहा कि अब वह अपनी टीम के साथ मिलकर ऑल इंग्लैंड अभियान का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों इस साल के बड़े टूर्नामेंट हैं जिनमें मैं खेलूंगा। मैं अपनी टीम के साथ बैठकर विस्तार से विश्लेषण करूंगा कि ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट कैसा रहा और पिछले कुछ महीनों में अभ्यास कार्यक्रम कैसा रहा। लक्ष्य ने कहा कि इसके बाद कोर्ट पर खास तौर पर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा और पूरे सत्र में फिट रहने पर ध्यान दूंगा क्योंकि आगे कई बड़े टूर्नामेंट हैं।

### वनडे सीरीज में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे लिटन दास

**ढाका, एजेंसी :** बंगलादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे।



लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है।